शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 191 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 06 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# हिंसा के बीच बांग्लादेश में तख्तापलट, शेख हसीना ने देश छोड़ा

## शेख हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना ने बांग्लादेश छोड़ा, सेना मुख्यालय में हलचल तेज, भारत आई

**ढाका**

बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर 2:30 बजे एक सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बंगभवन से उड़ान भरी है। उनके साथ उनकी छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं। सूत्रों ने बताया कि वे हेलीकॉप्टर से भारत के पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई हैं। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बांग्लादेश में इसे तख्ता पलट के रूप में देखा जा रहा है। बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जारी हिंसक प्रदर्शन के चलते चारों तरफ अराजकता का माहौल बना हुआ है। यह भी बताया जा रहा है किचारों तरफ प्रदर्शन, आगजनी, हिंसा और कर्फ्यू के चलते सेना ने



शेख हसीना को देश छोड़ने की सलाह ती। सूत्रों के अनुसार कि शेख हसीना देश छोड़ने से पहले अपना भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं। पर उन्हें वह मौका नहीं मिला। इसी के साथ बांग्लादेश के सेना मुख्यालय में हलचल तेज हो गई है। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान इस समय बैठक कर रहे हैं। बैठक में जातीय पार्टी के वरिष्ठ सह अध्यक्ष अनीसुल इस्लाम महमूद और पार्टी के महासचिव मुजीबुल हक चुन्नू को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में ढाका विश्वविद्यालय के कानून विभाग के प्रो. आसिफ नजरूल को भी आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश सरकार ने प्रदर्शनकारियों के आम जनता से लॉन्ग मार्च टू ढाका में हिस्सा लेने का आह्वान करने के बाद इंटरनेट को पूरी तरह बंद करने का सोमवार को आदेश दिया। इससे एक दिन पहले बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हुई झड़प में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## आईएसआई तैयार कर रही थी विद्रोह की जमीन!

**बांग्लादेश** में सोमवार को पूरी तरीके से हालात बदहाल हो गए। इस मुल्क की ऐसी सियासी बदहाली के पीछे पूरी स्क्रिप्ट पाकिस्तान और आईएसआई की ओर से कई साल पहले ही लिखने की सुगबुगाहट थी। विदेशी मामलों के जानकारों के मुताबिक पाकिस्तान ने न सिर्फ आंदोलन करने वाले संगठनों को भड़काने का काम किया। बल्कि कोविड के दौरान पाकिस्तान में बांग्लादेश की धरती से अपने पड़ोसी मुल्कों को निशाने पर लेने के लिए ऐसी पटकथा लिखी। जिससे बांग्लादेश की धरती पर धीरे-धीरे सोमवार को हुए विद्रोह की पूरी जमीन तैयार होने लगी। रक्षा मामलों



से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान ने ही बांग्लादेश से भारत के खिलाफ मालदीव की तर्ज पर "इंडिया आउट" अभियान का पूरा टास्क स्थानीय राजनीतिक पार्टियों और संगठनों को दिया था। बांग्लादेश के भीतर मची सियासी उथल-पुथल के बीच एक बार फिर से पाकिस्तान का जिक्र जमकर होने लगा है।

## बांग्लादेश संकट पर ममता बनर्जी का बयान: केंद्र जो कहेगा, वही करेगा राज्य

**कोलकाता**

बांग्लादेश में जारी विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक अस्थिरता के बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार बांग्लादेश मुद्दे पर केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करेगी। उन्होंने राज्य के मंत्रियों को भी इस मामले पर बयान देने से मना किया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं और उनके निवास 'गणभवन' में विजय जुलूस निकाला गया है। सड़कों पर जनता का उल्लास देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में



सोमवार को बांग्लादेश के हालात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "शांत रहें। उकसाने वाले बयान न दें। बांग्लादेश के मामले में केंद्र जो कहेगा, वही राज्य करेगा।" ममता ने बताया कि उन्हें विधानसभा में ही बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के इस्तीफे और दिल्ली रवाना होने की खबर मिली। इसके बाद उन्होंने मुख्य सचिव बीपी गोपालिका और राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार के साथ चर्चा की। चर्चा के बाद पत्रकारों से बातचीत में ममता ने कहा, "देश की जो सरकार है, उस पर छोड़ दें। आप खुद ऐसे बयान न दें जिससे हिंसा या विरोध हो। हम सभी बांग्लादेश की स्थिति से चिंतित हैं, लेकिन ऐसी कोई बात न कहें जिससे बंगाल या भारत की शांति भंग हो। मैं सभी से यह अनुरोध करती हूं, विशेष रूप से भाजपा नेताओं से, क्योंकि आपने पहले ही कुछ ऐसा पोस्ट किया है जो नहीं किया जाना चाहिए। मैं अपने नेताओं से भी कह रही हूं कि कोई भी पोस्ट न करें।"

सूत्रों के अनुसार, ममता ने कैबिनेट बैठक में भी यही निर्देश दिए।

## एमएसपी मुद्दा : हरियाणा में भाजपा के मास्टरस्ट्रोक से विपक्षी दल चित्त

### मनोहर के तरकश से नायब ने चलाया एमएसपी का तीर

### विरोधी अब अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लगे

**चंडीगढ़**

हरियाणा में अब 24 फसलों की खरीद एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर होगी। ऐसा करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। यह फैसला भाजपा सरकार के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। जिसका असर तीन महीने बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव में साफ तौर से नजर आएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र में आयोजित विजय शंखनाद रैली में इसका एलान किया तो विपक्ष अपने भाषण की स्क्रिप्ट बदलने में लग गया। एमएसपी ऐसा मुद्दा था, जिसे साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल अपनी समझदारी से विपक्ष के हाथों से छिनने में कामयाब हो गए थे। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार से कदमताल करते हुए अपने साढ़े 9 साल के शासन में कांग्रेस और



इनेलो को विधानसभा के अंदर और सड़कों पर इस मुद्दे पर बैकफुट पर रखा। उन्होंने एमएसपी पर बजाय शोर मचाने के बेहद संजीदगी से काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने नवंबर 2023 में गन्ने के एमएसपी को 372 से बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया था। साथ ही 2024 के लिए भी गन्ने का एमएसपी 386 से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हुई। इतना ही नही फरवरी 2024 में बजट पेश करते हुए मनोहर लाल ने किसानों के कृषि ऋण पर ब्याज और लघु माफ करने की घोषणा कर दी। उनका इरादा किसानों को हर लिहाज से आर्थिक तौर पर मजबूत करना था। जिसे पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने भी सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया है। किरण चौधरी लंबे समय तक कांग्रेस में किसानों के मसलों पर रणनीति का हिस्सा रही है और अब मनोहरलाल से प्रभावित होकर भाजपा में आ चुकी है।

## देश के कृषि सेक्टर का पॉवरहाउस है उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### पूर्वांचल के 21 और बुंदेलखंड के 07 जिलों के लिए योगी सरकार की नई पहल

**लखनऊ**

**कृषि** सेक्टर के कायाकल्प और कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार "कृषि विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम" (यूपी एग्रीस) की शुरूआत करने जा रही है। योजनांतर्गत न केवल



फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नियोजित प्रयास होगा, बल्कि मूंगफली, मिर्च और हरी मटर जैसी फसलों के क्रॉप क्लस्टर और इनसे जुड़े उद्योगों के नए क्लस्टरों के विकास तथा निर्यात बढ़ोतरी का प्रयास भी होगा। सरकार न केवल किसानों को विभिन्न देशों में भेजकर नई तकनीक का प्रशिक्षण भी दिलाएगी, बल्कि कृषि सेक्टर का वित्त पोषण भी करेगी। विश्व बैंक की सहायता से शुरू हो रही यह परियोजना किसान, कृषक उत्पादक संगठन और कृषि उद्यमियों को हर संभव तकनीकी सहायता तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की सुलभता मुहैया कराएगी। सोमवार को विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 187.70 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि के साथ उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जहां कुल उपलब्ध भूमि के 76% फीसदी पर खेती की जाती है।

## पेरिस ओलंपिक : भारत की एक और उम्मीद टूटी

**पेरिस**

**भारतीय** स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को सोवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी सेन को विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी मलेशिया के ली जी जिया ने 21-12, 16-21, 11-21 से हराया। लक्ष्य, जो ओलंपिक बैडमिंटन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष हैं, ने कांस्य पदक मुकाबले में शानदार शुरूआत की और पहला गेम आसानी से 21-12 से अपने नाम किया, वहीं, मलेशियाई खिलाड़ी ने अपने पैर जमाने के लिए समय लिया। लेकिन दूसरे गेम से ली ने अपनी रफ़्तार बढ़ा दी। लक्ष्य काफी थके हुए थे, और उनके हाथ में चोट भी थी, लेकिन उन्होंने कई गलतियाँ कीं और वे आगे नहीं बढ़ पाए। ली ने लय पकड़ी और दूसरा सेट 21-16 से अपने नाम कर लिया और मैच तीसरे सेट में चला गया। निर्णायक गेम में लक्ष्य की लय एकदम से गायब हो गई और वह हर एक अंक के लिए संघर्ष करते दिखे, ली ने एकतरफा अंदाज में तीसरा गेम 21-11 से जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

## कैथल: गांव की क्योड़क में नेताओं की एंट्री बैन, बैनर लगाने पर प्रतिबंध

**कैथल**

**ऑनर** किलिंग के आरोपी युवक की मां की गिरफ्तारी से नाराज गांव क्योड़क के युवाओं ने गांव में किसी भी नेता की एंट्री पर बैन लगा दिया और राजनीतिक बैनर लगाने पर भी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। युवक की मां की रिहाई को लेकर युवाओं ने गांव में सोमवार से धरना भी शुरू कर दिया। गांव के युवाओं का कहना है कि अगर महिला को जल्द रिहा नहीं किया गया तो वह कैथल से जाने वाला चंडीगढ़ का रास्ता भी बंद कर देंगे। गांव के सरपंच जसबीर सिंह, डा. सोनू, जसबीर तंवर, रिंकू, अंकित, रवि कुमार ने बताया कि यह वारदात किशोर ने की थी, जो पुलिस की पकड़ में है। उसकी माता और पिता का वारदात से कोई लेना देना नहीं है। किशोर की मां को जेल भेजा हुआ है, जो गलत है। इस बारे में वे सीएम से भी मिल चुके हैं और वे भी पुलिस को उचित कार्रवाई के लिए बोल चुके हैं। इसके बाद भी जिला पुलिस की तरफ से किशोर की मां को छोड़ा नहीं जा रहा है। रविवार और सोमवार को उनका धरना जारी है। जब तक महिला की रिहाई नहीं होती धरना जारी रहेगा।

## महाकुंभ 2025-5 एकड़ मेला क्षेत्र में बनेगा 'संस्कृति ग्राम', ऑग्युमेंटेड व वर्चुअल रिएलिटी के जरिए महाकुंभ का दर्शाया जाएगा

**लखनऊ/प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने 13 जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे महाकुंभ मेले को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। महाकुंभ मेला-2025 को दिव्य-भव्य बनाने के लिए सीएम योगी के विजन अनुसार विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण हुआ था, जिस पर विभिन्न विभागों द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में 5 एकड़ एरिया में संस्कृति ग्राम का निर्माण किया जाएगा। यह संस्कृति ग्राम कई मायने में विशिष्ट होगा और यहां 45 दिनों तक एक्जिबिशन समेत विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होंगे। खास बात ये है कि संस्कृति ग्राम में ऑग्युमेंटेड रिएलिटी (एआर) व वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) के जरिए महाकुंभ के विभिन्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहलुओं को दशार्या जाएगा। इतना ही नहीं, महाकुंभ मेला क्षेत्र में 30 भव्य कॉन्सेप्च्युलाइज्ड गेट का भी निर्माण होगा जो कि त्रिशूल, स्वास्तिक, कल्पवृक्ष, डमरू समेत विभिन्न आध्यात्मिक थीमों पर बेस्ड होगा।

## झज्जर: 20 करोड़ की लागत से बहादुरगढ़-झज्जर मार्ग के सुधारीकरण के लिए सीएम ने दी अप्रवूल

**झज्जर**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बहादुरगढ़-झज्जर मार्ग के जल्द सुधारीकरण करवाये जाने को लेकर अप्रवूल दे दी है। इस सढ़क का सुधार करीब 20 करोड़ की लागत से होगा। इसके लिए निर्धारित समयावधि में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और उसके बाद इस पर काम शुरू होगा। पूर्व विधायक कौशिक ने बताया कि चुनाव से पहले यह प्रमुख मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा जिसके बाद राहगीरों को आवागमन में किसी तरह की कोई दिक्कतें नहीं होगी। प्रदेश की नायब सरकार लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाये जाने को लेकर प्रतिबद्ध है। जो भी मांगें उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं है उन पर मुख्यमंत्री तुंरत संज्ञान लेकर कार्य भी करवा रहे हैं। कौशिक ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार भी जताया है।

नरेश कौशिक ने बताया कि 2 दिन पहले ही उन्होंने दिल्ली स्थित हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर बहादुरगढ़-झज्जर रोड समेत कई अन्य मार्गों के सुधारीकरण करवाये जाने की मांग प्रमुखता से की थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने इस पर अमल करते हुए झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग के अप्रवूल को लेकर सोमवार को मंजूरी दे दी है।

## उत्तराखंड : दून में उत्तराखंड राज्य आय व संबंधित अनुमानों पर प्रशिक्षण, देश के आठ राज्यों के अधिकारियों को समझाई बारीकियां




**देहरादून**

राज्य आय व संबंधित अनुमानों पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जेएसआर होटल में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय लेखा प्रभाग (एनएडी) भारत सरकार के अपर महानिदेशक संजय व उत्तराखंड शासन के अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में आठ राज्यों के सांख्यिकीय सेवा से संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय लेखा प्रभाग के अपर महानिदेशक ने राज्य आय अनुमानों के आंकलन के विषय में विषयवार विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का उद्देश्य निर्धारित किया। उन्होंने प्रतिभागी राज्यों के अर्थ एवं संख्या निदेशालय के अधिकारियों–कार्मिकों को राज्य व जिला आय के अनुमानों के आंकलन की बारीकियों का अभिज्ञान करने तथा विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा–परिचर्चा के माध्यम से शंका-समाधान करने के लिए प्रेरित किया। अपर सचिव शासन विजय कुमार जोगदंडे ने राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय तथा तमिलनाडु, हरियाणा, मध्य प्रदेश, असम, पंजाब, मिजोरम, उत्तराखंड तथा केंद्र शासित लद्दाख के अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रभावी क्षेत्रीय विकास नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य आय अनुमान अनुभाग की ओर से किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य को रेखांकित किया। उन्होंने डाटा संग्रहण और विश्लेषण तकनीक को बेहतर बनाने में ऐसी कार्यशाला की भूमिका पर जोर दिया जिससे नियोजन प्रक्रिया एवं साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने में मदद हो। उत्तराखंड राज्य के गठन के समय अर्थव्यवस्था का आकार 14501 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में 346000 करोड़ है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय 15285 थी, जो 2023-24 में 2.6 लाख है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा अथॉरिटी के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह को दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपित नोएडा अथॉरिटी के पूर्व चीफ इंजीनियर यादव सिंह को अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने यादव सिंह को निर्देश दिया कि वो हर महीने की 7 तारीख को जांच अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे और जांच एवं ट्रायल में पूरा सहयोग करेंगे। सुनवाई के दौरान सीबीआई की



ओर से पेश एएसजी विक्रमजीत बनर्जी ने कहा कि अगर आरोपित को अग्रिम जमानत दी गई तो उसके भागने का अंदेशा है। इस पर यादव सिंह की ओर से पेश वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि यादव सिंह ने पहले ही अपना पासपोर्ट जमा करा रखा है। कौल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 01 अक्टूबर 2019 को यादव सिंह को जमानत दी थी लेकिन अब सीबीआई की ओर से पूरक चार्जशीट दाखिल होने के बाद याचिकाकर्ता के खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

## नीट पीजी परीक्षा को लेकर द्रमुक नेता ने नड्डा को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली**

**नीट पीजी** परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों की दूरी को लेकर द्रमुक नेता और राज्यसभा सदस्य पी. विल्सन ने चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में सोमवार को पी. विल्सन ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और देश भर के एमबीबीएस डॉक्टरों के सामने आईं परेशानियों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। पी. विल्सन ने कहा कि नीट पीजी परीक्षा को पुनर्निधारित किया गया है।

## कैबिनेट फैसला: गांवों में रहने वाले गरीबों को प्लाट देगी सरकार

### मंत्रिमंडल ने दी ग्रामीण एवं शहरी आवास योजनाओं में संशोधन को मंजूरी

**चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी और ग्रामीण आवास योजनाओं में बदलाव किया है।



सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस बदलाव को मंजूरी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले भूमिहीन गरीब लोगों को प्रदेश सरकार 50 से 100 वर्ग गज के प्लाट आवंटित करेगी। प्रदेश के बड़े यानी महाग्रामों में 50-50 गज के प्लाट दिए जाएंगे, जबकि सामान्य गांवों में 100-100 गज के प्लाट मिलेंगे। हरियाणा सरकार अपने सरकारी खजाने से पंचायतों से इन प्लाटों के लिए जमीन खरीदेगी और गरीब लोगों को प्लाट उपलब्ध कराएगी। पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने 20 हजार से अधिक गरीब लोगों को उनके बचे हुए प्लाट आवंटित किए थे, जबकि जिन लोगों को प्लाट नहीं मिल पाए थे, उनके खातों में एक लाख रुपये डालने की प्रक्रिया अपनाई गई थी। अब सरकार ने नये चिन्हित होने वाले गरीबों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का दायरा बढ़ाते हुए उसे संशोधित प्रारूप में लागू करने का निर्णय लिया है। मंत्रिमंडल में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना में भी संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य परिवार पहचान पत्र में 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले शहरी परिवारों की आवास जरूरतों को पूरा करना है।

# कुएं का दूषित पानी पीने से चार की मौत

## सैदाबाद ब्लॉक अंतर्गत भदवा प्रजापति बस्ती में दो दर्जन से ज्यादा बीमार, स्वास्थ्य टीम पहुंची मरीजों को वितरित की गई दवाइयां

अखंड भारत संदेश

**उतराव प्रयागराज।** सैदाबाद ब्लॉक अंतर्गत भदवा प्रजापति बस्ती में कुएं का दूषित पानी पीने से एक सप्ताह के भीतर चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से ज्यादा लोग बीमार पड़े हुए हैं। गांव के ही समाजसेवी की सूचना पर स्वास्थ्य टीम पहुंचकर बीमार मरीजो दवाइयां वितरित की।





सैदाबाद ब्लॉक अंतर्गत भदवा गांव प्रजापति बस्ती में कुएं का दूषित पानी पीने से एक सप्ताह के भीतर गांव के ही संजना पुत्री रविशंकर उम्र 3 वर्ष,दिवाकर पुत्र रोहित उम्र 10 वर्ष, चन्नर मुसहर पत्नी नीता उम्र 55 वर्ष व मूटरी देवी उम्र 70 पत्नी पुरुषोत्तम की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से ज्यादा बस्ती के सत्यम,सुंदरम, दिलखुश, दिवाकर, दीपांशु, संगीता, सिंटू, शब्बू, आनंद, रितेश, रंजीत, कुसुम, लक्ष्मी, संजना, प्रकाश, गरिमा, संजीत ,ललित ,उर्मिला,जीत लाल, शिव, आकाश, आकांक्षा, पवन आदि की तबीयत बिगड़ गई है जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अमरेन्द्र सिंह का आरोप है उक्त मामले में स्वास्थ्य विभाग से शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों तक की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं दूषित पानी होने की सूचना अधिकारी को दी गई तो टीम द्वारा दो-दो पत्ता दवा व ओ आर एस का घोल स्वास्थ्य टीम ने बाटकर खाना पूर्ति कर लिया।उसके बाद से लगातार बीमारी का सिलसिला जारी रहा प्रजापति बस्ती में पानी पीने के लिए सिर्फ एक कुआं ही एक जल साधन है। इसमें लगभग दो दर्जन से ज्यादा परिवार ईसी कुएं से पानी पीता है। कुएं में ब्लीचिंग पाउडर न डालने के कारण पानी दूषित हो गया है। इस पर स्वास्थ्य टीम व ग्राम प्रधान द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। जबकि बस्ती के लोगों द्वारा प्रधान तक सूचना दी गई। फिलहाल सोमवार को स्वास्थ्य टीम पहुंचकर बस्ती के लोगों का हाल-चाल जाना तथा आश्वासन दिया कि पूरा ख्याल रखा जायेगा जिसके लिए 7 दिन के लिए कैंप लगाया जाएगा। जिससे यहां पहली बार प्रकोप का जल्द से जल्द निवारण हो सके। इस संबंध में सीएमओ से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है टीम द्वारा जल्द ही सभी मरीजों को पास पहुंचकर एक एक मरीजों का इलाज कराया जाएगा।

# प्रदेशीय वॉलीबाल में टेक्निकल चेयरमैन के पद पर निर्वाचित हुए आरपी शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ का चुनाव संपन्न हुआ,जिसमें आगामी चार वर्षो के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी एवं जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के चेयरमैन जॉर्डन एच नाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के प्रबंध समिति की नई समिति में प्रयागराज के अवैतनिक महासचिव आरपी शुक्ला को चार वर्षो के अंतराल के बाद पुनः आगामी चार वर्षो के लिए चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया गया है। जिससे वॉलीबाल के क्षेत्र में प्रयागराज का गौरव बढ़ा है तथा वॉलीबाल खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है। उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के चुनाव में आरपी शुक्ला को टेक्निकल चेयरमैन के पद पर चुने जाने पर वॉलीबाल खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों व अन्य पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां दी है। जिसमें मुख्य रूप से डॉ.जय प्रकाश शर्मा,केबी एल श्रीवास्तव, फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, रामाश्रय राय, केपी सिंह, प्रभाकर चौबे, केके मिश्रा, बीएच जैदी, अजय राय, पीके पांडेय एडवोकेट, बर्फी लाल यादव, राजित राम शुक्ला, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार राय, सी.पी.मिश्रा, वाई.एन.सिंह, आशीष कुमार, नीरज श्रीवास्तव, अशोक दीक्षित, राकेश भास्कर, सतेंद्र पांडेय, अकांत गुप्ता, धनजंय राय, रामनिवास यादव, सरदार कुलदीप सिंह, विकास बाल्मीकि, संतोष सिंह आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी व डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के है महासचिव



# अभद्रता के आरोप में आशा वर्करों ने सीएचसी पर दिया धरना, जमकर की नारेबाजी

**बिना अनुमति सीएचसी में धरना प्रदर्शन को लेकर अधीक्षिका ने 11 आशा वर्करों के विरुद्ध दी तहरीर**



**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा पर एक आशा वर्कर के द्वारा अधीक्षिका पर अभद्रता का आरोप लगा धरना दिया तो अधीक्षिका ने भी बिना पूर्व अनुमति के धरना-प्रदर्शन करने पर एक दर्जन आशा वर्करों के विरुद्ध पुलिस को लिखित तहरीर दी है। इसको लेकर दोनों पक्षों में तनातनी चल रही है। आशा वर्करों के संगठन ने कल भी सीएचसी में धरना देने की चेतावनी दी है। बताते चलें कि सेमरा कल्बना गांव की एक आशा वर्कर मंजू देवी ने लगभग एक सप्ताह पूर्व 1 अगस्त को एक प्रसूता महिला को प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्र जसरा में लेकर आई थी। प्रसूता महिला जब शौचालय में गई तो वहां पानी नहीं आ रहा था। जिसकी शिकायत महिला ने आशा वर्कर से किया। जिस पर आशा वर्कर मंजू देवी दो बार बाहर से पानी लाकर शौचालय तक पहुंचाया। पानी न आने की शिकायत आशा बहू ने अधीक्षिका से की। सोमवार की सुबह आशा वर्कर मंजू अधीक्षिका के सामने बातचीत होने लगी। अधीक्षिका ने रजिस्टर लेकर कहा कि तुम ठीक तरीके से कार्य नहीं कर रही हो। तुमको कार्य से हटा दिया जाएगा। पूर्व की घटना को लेकर सोमवार को आशा बहू के संगठन की लगभग सौ की संख्या में महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तथा धरना प्रदर्शन करने लगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा की आशा वर्कर के साथ स्वास्थ्य केंद्र चाका ,स्वास्थ्य केंद्र कौधियारा, भगवतपुर आदि जगहों की आशा वर्करों ने भी धरना प्रदर्शन में भाग लिया ।आशा वर्कर लगातार 5 घंटे तक धरना प्रदर्शन करती रहीं। वहीं अधिक्षिका व आशा वर्कर के प्रतिनिधिमंडल के बीच समझौते का भी प्रयास हुआ लेकिन बातचीत के दौरान कोई नतीजा नहीं निकला। आशा वर्करों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को उप जिलाधिकारी बारा से मिलकर ज्ञापन देने की बात कही है। अधीक्षका डा० अंकिता पांडेय ने कहा कि उन्होंने आशा के साथ कोई अभद्रता नहीं की है। साथ ही आरोप लगाया की आशा वर्कर उनके चेंबर में आकर अपना मोबाइल फेंक दिया। साथ ही कार्य रजिस्टर को भी फेंक कर चली गई तथा जाते-जाते गाली गलौज भी किया है जिसकी मोबाइल रिकॉर्डिंग भी उन्होंने दिखाया। इन सब को लेकर आशा वर्करों का स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षिका के बीच विवाद बढ़ता दिख रहा है। आशा वर्कर के संगठन ने स्वास्थ्य केंद्र की अधिक्षिका से माफी मांगने की मांग के साथ ही अपनी कई सूत्री मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर केशव वर्मा दलबल के साथ पूरे समय घटनास्थल पर मौके पर उपस्थित रहे। जिले से आए स्वास्थ्य अधिकारी भी मामले को निपटाने की कोशिश करते रहे। लेकिन आशा वर्करों के संगठन के लोग अपनी बात पर अड़े रहे। जिससे दोनों पक्षों में कोई समझौता नहीं हो सका। वहीं अधीक्षिका ने एक दर्जन आशा वर्करों के विरुद्ध घूरपुर पुलिस को तहरीर दी है।



# करछना विधानसभा में मनाया गया छोटे लोहिया का जन्मदिन

**करछना।** प्रयागराज समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना में मनैया चौराहा स्थित मुंगारी में छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र का जन्मदिन विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेस बाबू की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जगदीश यादव, जिला सचिव कमलेश पुष्कर, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ उमेश यादव, वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक बद्री प्रसाद यादव आदि ने माननीय जनेश्वर मिश्रा जी के जन्मदिन पर पुष्प अर्पित कर जातीय भेदभाव के खिलाफ समाज को एकजुट करने के लिए उनके संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला सचिव पंकज भारतीय, चंद्र प्रकाश यादव बबलू, नंदा यादव, शिवकुमार, भुगाई प्रधान, बंटी यादव, ज्ञान बाबू, राम प्रकाश, गेंदालाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के विधानसभा अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।


# न्यूज झरोखा

## करछना के बेंदौ गांव की छात्रा जूही सिंह का नीट में चयन



**करछना।** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत गांव बेंदौ करछना, प्रयागराज की छात्रा कु० जूही सिंह पुत्री विनोद कुमार सिंह ने वर्ष 2024 की नीट की परीक्षा में प्रथम प्रयास में हो 720 में 670 अंक अर्जित कर गांव का नाम रोशन किया है। इनकी आल इ?ण्डिया रैंक 12824 है तथा पिछड़ी जाति आरक्षण श्रेणी में 5403 रैंक है। इन्होंने हाईस्कूल तथा इंटर की परीक्षा शकुन विद्या निकेतन, नैनी, प्रयागराज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। पिताजी स्वास्थ विभाग में एल. टी. के पद पर कार्यरत हैं। बड़ा भाई मनीष कुमार सिंह आई, आई० टी० धनबाद से इलेक्ट्रानिक एण्ड कम्युनिकेशन ब्रांच से बी० टेक कर रहे हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षा विभाग से अवकाश प्राप्त बाबा राम कैलाश पटेल एवं भाई डाक्टर दिवाकर पटेल को दिया है। इनको सफलता पर आदरणीय राजपाल सिंह पटेल, पूर्व प्रधान परमानन्द पटेल, प्रधान बड़े लाल पटेल, अमर सिंह, रामउदित सिंह, भोला नाथ पटेल, मनीराम पटेल, मामा रमेश कुमार पटेल उमरी, गोहनिया, तथा अनेक सभ्रान्त व्यक्तियों ने बधाई दी है।

## जिम प्रतियोगिता में राजेश अव्वल, क्षेत्र मे खुशी



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खंड अन्तर्गत दिघिया गांव का एक युवक ने जिम प्रतियोगिता में भाग लिया ' जिसमे वह प्रथम स्थान हासिल कर माता पिता के साथ ही गांव का नाम रोशन किया हैं। गौरतलब है कि अखिल भारतीय गौरी पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन प्रयागराज के द्वारा जिम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ' वही मांडा क्षेत्र अंतर्गत दिघिया गांव निवासी राजेश वर्मा ने जिम प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान हासिल कर जीत दर्ज किया ' जीत की खुशी में मिठाई खिला कर खुशियाँ जाहिर की और विजेता राजेश को मिठाई खिलाकर अमित सोनकर, पंकज कुमार, अजय सोनकर, पवन वर्मा आदि दर्जनों मित्रों ने बधाईया दी ।

## कांवरियों ने बोल-बम के जयकारे के साथ किया जलाभिषेक



**जंघई।** रस्तीपुर गांव के कांवरियों ने घर गांव के बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया और प्रयागराज गये, दशाश्वमेध घाट पर पहुंच कर गंगा स्नान पूजन अर्चन करते हुए कांवर लेकर पद यात्रा करते हुए कुंदौरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। हर हर महादेव गाजे बाजे के साथ कांवरियों ने नाचते गाते झूमते कांवर यात्रा निकाली और महादेव मंदिर में पूजन अर्चन जलाभिषेक किया। महादेव का पूजन अर्चन तो प्रतिदिन भक्तों द्वारा किया जाता है लेकिन सावन माह में पूरा देश शिव भक्ति में लीन है घरों एवं मंदिरों में शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना जलाभिषेक रुद्राभिषेक का क्रम अनवरत चल रहा है। इस अवसर पर सतीश पांडेय, प्रकाश कुमार दुबे, अवध नारायण उपाध्याय, महेंद्र शुक्ला, राजकुमार पांडेय, भानु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## कुंदौरा में भक्तों ने किया जलाभिषेक, आज से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन



**धनूपुर।** सावन के तीसरे सोमवार को भक्तों ने कुंदौरा महादेव मंदिर में भोर से जलाभिषेक किया जिसमें दूध, दही, घी, विल्व पत्र, गंगाजल, रोरी, रक्षा, फल, फूल, मिष्ठान चढ़ाकर भोलेनाथ को प्रसन्न किया भगवान शिव की पूजा करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।सावन माह भर भगवान शिव और मां पार्वती की विधिवत पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि शिव पूजन के लिए श्रावण मास बहुत ही कल्याणकारी माना जाता है। सावन का महीना अपने आप में बेहद शुभ माना जाता है। इस पूरे महीने सोमवार व्रत रखना बहुत फलदायी माना जाता है, जिसका लोग भक्ति और भाव के साथ पालन करते हैं साथ ही भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि यह समय शिव पूजा के लिए बहुत ही शुभ होता है। कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट की तरफ से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 6 अगस्त से 12 अगस्त तक कथा, पूणाहुति हवन, महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा देवी श्रीधाम वृंदावन, आचार्य सुरेश द्विवेदी, भजन गायिका प्रियंका देवी होंगी। कार्यक्रम आयोजक एवं सहयोगियों में अध्यक्ष हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, अशोक तिवारी पूर्व प्रधान, काशीनाथ शुक्ला, बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान, राजकुमार तिवारी, हीरामणि तिवारी, अनिल मिश्रा, आचार्य जितेंद्र पांडेय, अवधेश शुक्ला शेरा, दुर्गेश शुक्ला, देवदास पांडेय, कल्लू नेता, चीनी पांडेय, शिवा पांडेय, हरिशंकर पांडेय आदि लोग सहयोग में मौजूद रहे।

## आज मऊआइमा में होगें पंचायत उप चुनाव

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सराय बादशाहकुली, मलखानपुर और मलाकबेला में पंचायत उप चुनाव (ग्राम प्रधान) के लिए पोलिंग पार्टियां सोमवार को रवाना हुई। हर मतदान केंद्र के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। मतदान आज मंगलवार को और गणना आठ अगस्त को होगी। उक्त जानकारी। विजय सिंह सहायक निर्वाचन अधिकारी ने दी।



# अरैल में सोमेश्वर महादेव मंदिर में जुटे भक्त, मौके पर प्रशासन के साथ एसपीओ टीम तैनात रही

**नैनी।** नैनी कोतवाली अंतर्गत अरैल में सावन के तृतीय सोमवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों एवं श्रद्धालुओं की जल अभिषेक करने के लिए लाइन लगी रही। शांति सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए नैनी कोतवाली की पुलिस मौके पर तैनात रही। वहीं पुलिस प्रशासन के साथ सावन माह में भक्तों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति सावन माह को सम्पन्न कराने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर अरैल घाट स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ एसपीओ टीम के एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सभी सदस्यों की ड्यूटी सुबह से लगाई गई। तथा सभी एसपीओ टीम के जवान मौके पर पहुंच कर अपना कर्तव्य तथा दायित्व निभाते हुए ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार रामजी जायसवाल दिनेश केसरवानी सलीम रहमान नैशाद रोहित केशरवानी अंकित केसरवानी सुशील शर्मा रामजी गौड़ अश्विनी शर्मा आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## बाबा बूढ़ेनाथ शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक का आयोजन 10 को

**मेजा।** प्रयागराज मिर्जापुर की सीमा से जुड़ी विंध्य पहाड़ियों की गोदी में मछहा गांव के अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर बाबा बूढ़ेनाथ का भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन आगामी 10 अगस्त को होगा। इस बड़े धार्मिक आयोजन का आकर्षण काशी के पंडितों द्वारा की जाने वाली विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती होगी। इसमे सनातनी परम्परा को संजोने के लिए चर्चित मिजार्पुर की कजरी का भी आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि पवित्र श्रावण मास में यह भव्य व दिव्य आयोजन क्षेत्र के दिघिया की रामचन्द्र शुक्ल सेवा संकल्प संस्था द्वारा आयोजित होगा। संस्था के अध्यक्ष एवं अवाड़ा एनर्जी के डायरेक्टर दिघिया (माण्डा) के जय शंकर शुक्ल की माता अन्नपूर्णा शुक्ला बाबा के रुद्राभिषेक की यजमान होंगी। यह आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है। बाबा बूढ़ेनाथ का अभिषेक आगामी 10 अगस्त सुबह 8 बजे से होगा। मिजार्पुर की विश्व प्रसिद्ध कजरी गीत का आयोजन दिन में 2 से 5 बजे तक होगा। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण गंगा आरती होगी। काशी के पुरोहितों द्वारा वाराणसी गंगा घाट पर की जाने वाली विश्व प्रसिद्ध आरती का अलौकिक नजारा देखने को मिलेगा। शाम को यहाँ महाप्रसाद के रूप में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। रामचन्द शुक्ल सेवा संकल्प संस्था के अध्यक्ष जय शंकर शुक्ल के साथ टीम के सचिव पूर्व प्रमुख मेजा प्रेम शंकर शुक्ल मुन्नन, ब्रह्मानंद मिश्र, अभय तिवारी ने बाबा के भक्तों से आग्रह किया है कि आयोजन से जुड़कर पुण्य लाभ लें और महाप्रसाद ग्रहण करें।

# सपाइयों ने मनाया छोटे लोहिया की जयंती

**महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि सोमदत्त सिंह**



**कोरांव।** विधानसभा कोरांव अंतर्गत नगर पंचायत कोरांव में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पण्डित जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई इस मौके पर उपस्थित पार्टी जनों ने उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुषों के बताए हुए पद चिन्हों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होती है जिस प्रकार से जनेश्वर मिश्र ने शोषित वंचित मजदूर किसान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया यह अविस्मरणीय है और देश की जनता उनके द्वारा समाज में किए गए अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है इस अवसर पर सपा विधानसभा अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी की सरकार ने जनेश्वर मिश्र जी के नाम पर तमाम योजनाओं को संचालित करते हुए सम्मान देने का कार्य किया किंतु वर्तमान सरकार उनके नाम पर चलाए गए योजनाओं को बंद करने का कार्य किया उसे यह प्रतीत होता है कि मौजूदा सरकार महापुरुषों को सम्मान नहीं देना चाहती जो की विकृत मानसिकता का परिचायक है। इस मौके पर मुख्य रूप से महताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मंगल देव कोल हारुन अंसारी अश्वनी पटेल अजीत पटेल रविंद्र जैसल शहादत अली नौशाद अंसारी बच्चन जायसवाल राजेश यादव रामानुज यादव आशीष पटेल दीपक पटेल दीपक पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रावण मास : तीसरे सोमवार को शिवालयों रही भक्तों भीड़



**सहसों।** श्रावण मास में शिव भक्ति की बयार चल रही है। क्षेत्र के विभिन्न शिवालियों में शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक एवं पूजन, अर्चन के लिए इस पावन महीने के तीसरे सोमवार को भोर से ही तांता लगा रहा। तो वहीं शिव भक्त कांवरिये भी प्रयागराज के दारागंज घाट से जल भरकर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक हेतु हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर क्षेत्र के गुलालपुर गांव स्थित बुढ्ढेश्वर महादेव प्राचीन शिव मंदिर में शिव भक्त नर नारियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अनुराग प्राप्त करते हुए श्री रामचरितमानस का मास परायण, साप्ताहिक पारायण, ओम नमः शिवाय का जाप एवं महामृत्युंजय के जाप का आयोजन के साथ आचार्य विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों से प्रतिदिन रुद्राभिषेक कर शिवजी के कृपा पात्र भक्त मनोवांछित फल का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं इसी प्रकार मंदिर प्रांगण में प्राचार्य शिव प्रकाश तिवारी, डॉक्टर प्रयाग दत्त तिवारी, डॉक्टर रामदत्त तिवारी, अधिवक्ता मनीष तिवारी एवं श्याम प्रकाश तिवारी द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ के उपरांत आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से विधि विधान पूर्वक धूप, दीप, पूजन अर्चन एवं रुद्राभिषेक कर महा आरती किया गया। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर राकेश प्रसाद मिश्रा, विनेक कुमार तिवारी सहित भारी संख्या में शिव भक्त भगवान महादेव का जयकारा लगाते मौजूद रहे।

## हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ चनेथू चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर



**जंघई।** सावन माह के तीसरे सोमवार को क्षेत्र के प्रत्येक शिवालयों में भक्तों ने सुख-शांति की कामना हेतु भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हुए पूजन अर्चन किया।क्षेत्र के चंद्रमौलेश्वर महादेव धाम चनेथू में भक्तों ने भोले के जयकारे लगाते हुए भोलेनाथ का जलाभिषेक किया बाबा की पूजा-अर्चना किया। विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। लाउडस्पीकरों पर शिव भक्ति की धुन के बीच क्षेत्र में चारों ओर भगवान शिव के जयकारे लग रहे हैं। महिलाओं की अधिकता के बीच सभी भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प, दूध, घी, गंगाजल, फल, फूल, मिष्ठान आदि अर्पित कर महादेव की पूजा अर्चना किया। सावन माह में शिव की आराधना पूजा बहुत ही लाभकारी होता है महादेव जल चढ़ाने से ही प्रशन्न हो जाते हैं। पूरा देश इस समय शिव भक्ति में लीन है हर कोई सावन माह में महादेव को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, शिव महापुराण कथा आदि का आयोजन कर रहे हैं।



# सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की 91वीं जयंती मनाई

**मांडा।** समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में रहे जनेश्वर मिश्र की 91वीं जयंती मनाई गई।सोमवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापकों में रहे जनेश्वर मिश्र की मेजा विधानसभा क्षेत्र के मांडा अन्तर्गत जगह-जगह उनके छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम मनाया गया ' सपा कार्यकर्ताओ ने इस दिन को युवा सम्मलेन के तौर पर मनाया ' सपा के मेजा विधानसभा अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने कहा कि उनकी जयंती पर छोटे लोहिया के विचारों को जन- जन तक पहुंचाने और अन्याय व भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन की सीख देती है ' विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बताया कि छात्र- छात्राओं के साथ अन्याय कर रहे हैं फीस लगातार बढ़ा रहे है और सुविधाओं मे कटौती कर रहे हैं ' जयंती समारोह में फतेह बहादुर सिंह यादव, एड. अवधेश यादव,सत्य नारायण पटेल, कैलाश नाथ यादव,संजय यादव,संतोष पटेल, पिन्टू पाल, कन्हैयालाल, पीके, अफरोज अहमद सहित सैकड़ो सपाइयों ने चित्रों पर माल्यार्पण कर याद किया।

# बड़े हनुमान मंदिर की तरफ तेजी से बढ़ रही हैं गंगा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** संगम तट पर गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर तेजी से श्री बड़े हनुमान मंदिर की ओर बढ़ रहा है। यही रफ्तार जारी रही तो गंगा का जल मंदिर में प्रवेश कर सकता है। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ का पानी गंगा-यमुना में छोड़े जाने के चलते सिंचाई विभाग बाढ़ प्रखंड अलर्ट मोड पर है। फाफामऊ, छतनाग और यमुना नदी में लगातार वृद्धि जारी है। दो से ढाई सेंटी मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दोनों नदिया बह रही हैं।

घाट पर रहने वाले लोग सुरक्षित स्थान की ओर शरण लेने लगे हैं। माता टीला बांध से करीब डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने का असर भी एक दो दिन में दिखेगा। इसके अलावा उत्तराखंड में हो रही बारिश और कई सहायक नदियां उफान पर होने के कारण संगमनगरी में इसका असर पड़ सकता है। उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही भारी बारिश का असर प्रयागराज में दिख रहा है। सहायक नदियों के उफान पर होने के कारण बाढ़ का पानी गंगा और यमुना में छोड़ा जा रहा है। इससे यहां बाढ़ की स्थिति पैदा होने लगी है।माता टीला बांध के अलावा कानपुर बैराज भी पानी गंगा नदी में छोड़ा गया है। पानी अब किनारे रहने वालों की मुश्किलें बढ़ाने लगी है। घाट के किनारे रहकर रोजी रोटी चलाने वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वह सुरक्षित स्थान खोज रहे हैं। हनुमान कॉरिडोर पर भी पड़ेगा असर गंगा और यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद हनुमान मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य भी प्रभावित हो सकता है। बीते मंगलवार को ही कार्यदायी संस्था ने कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। मंदिर के महंत बलवीर गिरि ने इसके लिए भूमि पूजन भी किया था। बाढ़ का पानी भर जाने के कारण निर्माण कार्य में विलंब हो सकता है।

**डेंजर लेवल 84.734 मीटर है**

प्रयागराज में गंगा और यमुना का डेंजर लेबल 84.734 है। हालांकि दोनों नदियां अभी चेतावनी बिंदु के काफी नजदीक हैं, बावजूद इसके सिंचाई विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है।

## एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला, पूर्व विधायक को 5 साल की सजा

**प्रयागराज।** एमपी-एमएल कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक सईद अहमद 5 साल की सजा सुनाई है। सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक के मामले में सुनवाई थी। शाम को कोर्ट ने पूर्व विधायक सईद अहमद के साथ मोहम्मद आजाद को भी 5 साल की सजा सुना दी। सजा सुनाए जाने के बाद पूर्व विधायक को हिरासत में ले लिया गया। बाद में पुलिस अभिरक्षा में उन्हें नैनी जेल भेज दिया गया। सईद अहमद फूलपुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक रह चुके हैं।पूर्व विधायक पर यह मामला सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुआ था। अपहरण करके रंगदारी मांगने, संपत्ति हड़पने और धोखाधड़ी करने के मामले में सईद अहमद को सजा सुनाई गई है।

**1994 में दर्ज हुआ था केस :** मामला साल 1994 का है सईद अहमद और मोहम्मद आजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट लगा दी थी। डीजीसी क्रिमिनल गुलाब चन्द्र अग्रहरी ने बताया कि धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में दर्ज मामल में सईद अहमद व मो. आजाद को कोर्ट ने 5 साल की सजा सुनाई है।

# श्रृंग्वेरपुर धाम पहुंचे एसडीएम, सफाई नहीं ,10 कर्मचारियों में एक भी मौके पर नहीं

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** श्रृंग्वेरपुरधाम में कांवड़ यात्रा के दौरान बिजली, पानी, सफाई के इंतजाम नहीं होने का मामला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर देखा तथा कांवड़ मार्ग का जायजा लिया। सोमवार को एसडीएम सोरांव गणेश कनौजिया, श्रृंग्वेरपुरधाम के श्रीरामघाट पहुंचे।सावन मेला के लिए कांवरियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के इंतजाम देखे। इसके बाद सफाई और बिजली के इंतजाम तत्काल किए गए। अधिकारियों को 24 घंटे में साफ-सफाई, पानी, बिजली के इंतजाम पूरे करने को कहा। रउ्ट सोरांव ने श्रृंग्वेरपुरधाम में फैली गंदगी, वस्त्रालय में संचालित शौचालय और गंगा तट पर फैली असुविधा को देखकर कर्मचारियों को फटकार लगाई।

**गंगा तट पर कर्मचारी नहीं थे, भड़के अधिकारी :** श्रृंग्वेरपुर ब्लॉक में 10 कर्मचारियों में से एक भी कर्मचारी गंगा तट पर नहीं मिला। उन्होंने कार्रवाई की चेतावनी दी। श्रृंग्वेरपुर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने एसडीएम सोरांव से बैरिकेडिंग व्यवस्था, वस्त्रलाय की व्यवस्था, शौचालयों की साफ सफाई एवं गंगा घाट से दस फिट चौकियों को पीछे करवाने की मांग की।इसके साथ पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए शौचालय का ताला खुलवाने एवं पुराने शौचालय की साफ सफाई की मांग की। एसडीएम सोरांव ने तीर्थ पुरोहितो को चौकियां हटाने का निर्देश दिया। बीडीओ लीलाधर शुक्ल ने कहा कि कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति के लिए विभागीय अधिकारियो एवं डीपीआरओ से कई बार पत्राचार करके मांग की गई है।

# नारको टेस्ट से पता चलेगा कि किसने निकाला महिला का दिल

अखंड भारत संदेश

**बेटे ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी**

**झूंसी।** भतकार उपरहार की रहने वाली बिटोला देवी की हत्या के साथ महाभारत भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। मृतका के बेटे भारत निषाद ने मामले में मुख्यमंत्री से गुहार लगाया है और आरोप लगाया है की उन्होंने जिन संदिग्ध लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। वहीं पुलिस मृतका के पति व बेटे को ही संदिग्ध मान रही है और उनका नार्को टेस्ट करने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी है। मामला अभी लंबित चल रहा है।

झूंसी के भतकार उपरहार की रहने वाली बिटला देवी 45 की 3 फरवरी को गंगा कछार में लकड़ी लेने गई थी जहाँ उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। उसकी एक आंख बाहर आ गई थी चेहरे की चमड़ी उधड़ी थी और सीना फाड़ दिया गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद उसके शव को बालू में दफनाया गया था। उसके पति ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि महिला का दिल गायब है। इससे सनसनी फैल गई। कातिल ने उसका सीना काटकर दिल निकाल लिया या जानवर खा गए झूंसी पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना के सात माह बाद भी जब खुलासा नहीं हुआ तो मृतका के बेटे भारत निषाद ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है और आरोप लगाया कि उसकी माँ के साथ सामूहिक दुराचार किया गया। फिर पायल, नाक की पुली लूट का हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में लापरवाही बरत रही है।

## बीयर बेचने की नौकरी में खुद पी गया स्टॉक

**12 हजार का हिसाब नहीं मिलने पर खुला मामला**

**प्रयागराज।** बीयर शॉप के सेल्समैन ने शराब बेची नहीं, बल्कि उन्हें खुद पिया और दोस्तों के साथ पार्टी की। जब मालिक ने हिसाब लिया, तब 12 हजार रुपए की बीयर का हिसाब नहीं मिला। बीयर का स्टॉक खत्म होता रहा और बिक्री के रुपए गायब रहे। मामले में कैंट थाने में सेल्समैन शिवराज सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया है।फतेहपुरी के गुरुदौला के रहने वाले राजेश सिंह की कैंट इलाके में स्टैनली रोड पर बीयर की शॉप है। राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने भदकार में रहने वाले आलोक कुमार के कहने पर शिवराज सिंह को दुकान पर सेल्समैन रख लिया। शिवराज साउथ मलाका का रहने वाला है।राजेश का आरोप है कि दुकान पर बीयर का स्टॉक खत्म होने पर उसने जांच शुरू की। तब पता चला कि करीब 12 हजार रुपए की हेरफेर हैं। पूछताछ में पता चला कि शिवराज करीब 12 हजार रुपये की बीयर खुद पी गया या फिर दोस्तों को पिला दिया। रुपए न लौटने राजेश ने शिवराज पर केस कर दिया है। पुलिस का कहना है जांच की जा रही है। बीयर शॉप से बीयर पी ली गई लेकिन गल्ले में रुपए नहीं रखे गए।

# नैनी पुलिस ने डेढ़ वर्ष पुरानी हत्या की घटना का किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

**दो अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्तों के निशानदेही पर आलाकत्ल पेचकस व मृतक का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद**




**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा डेढ़ साल पहले एडीए कॉलोनी नैनी में हुए नारियल पानी वाले कि हत्या करने वाले हत्यारोपियों को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल व मृतक के एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार शारीफ खान (20) पुत्र कयूम खान निवासी डूंगर पुर शेरगढ बहेड़ी जिला बरेली का रहने वाला था जो नैनी एडीए कॉलोनी में नारियल पानी बेचता था। पिछले वर्ष 08 09.023 की रात्रि में नारियल पानी की दुकान पर शारीफ की हत्या पेचकश घोपकर कर दी गई थी। इस घटना के संबंध में मृतक के चाचा आकिब खान ने नैनी थाने में मुकदमा पंजीकृत करवाया था। सोमवार को नैनी पुलिस ने उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्त शाकिब अंसारी पुत्र मोहम्द अख्तर अंसारी निवासी मिन्हाजपुर गढ़ कला शाहगंज, प्रयागराज। आसिफ खान पुत्र पप्पू उर्फ निजाम अहमद पत्थर गली, शाहगंज, प्रयागराज को गिरफ्तार कर ।उनके कब्जे से आलाकत्ल पेचकश, मृतक का एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया। इस घटना के पीछे अभियुक्तों ने बताया कि एक दिन पहले शारीफ से नारियल पानी की दुकान पर बकाया को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के कारण दोनों अभियुक्तों द्वारा शारीफ के शरीर मे पेचकश घोपकर हत्या कर दी गईं थी।

## न्यूज झरोखा

### उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बने शशिकांत त्रिपाठी

**प्रयागराज में संभाला चार्ज, प्रयागराज, आगरा, झांसी मंडल देखेंगे**




**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का शशिकांत त्रिपाठी ने सोमवार को चार्ज संभाल लिया। 2009 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) के अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी को उत्तर मध्य रेलवे का मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी बनाया गया है। इससे पूर्व वह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (माल) प्रयागराज का दायित्व निभा रहे थे। उन्होने यह पदभार निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के उत्तर रेलवे स्थानान्तरण होने के उपरांत ग्रहण किया। वह प्रयागराज, आगरा और झांसी मंडल कार्यभार देखेंगे। शशि कांत त्रिपाठी चित्रकूट के रहने वाले हैं। उन्होंने स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से और परास्नातक की शिक्षा जेएनयू दिल्ली से की है। शशि कांत त्रिपाठी उत्तर रेलवे एवं उत्तर मध्य रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने 2012 में उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल में सहायक मण्डल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्य शुरू किया था। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक एफओआईएस, आगरा मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक गुड्स, झांसी में मण्डल में वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया है।

### मां के नाम पेड़ लगाने से धरती माता की भी होगी सेवा-गणेश केशरवानी



**झूंसी।** महापौर गणेश केशरवानी ने सोमवार को कीडगंज दधिकांदो मैदान में दिव्यांग प्रकोष्ठ भाजपा महानगर प्रयागराज द्वारा आयोजित एक पेड़ माँ के नाप पर वृक्षारोपण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान को चलाया है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से पूरे देश में इस अभियान के तहत करोड़ो पेड़ लगाए जा रहे है, जो भी नागरिक यह वृक्ष लगाएंगे वे अपनी माता की स्मृति को तो हमेशा याद रखेंगे ही यह धरती मां के लिए भी एक अनुपम सेवा होगी। वृक्षों से ही हमारा जीवन सुरक्षित रहता है। यह दृश्य हम सभी कोरोना काल के दौरान देख चुके हैं। उस समय वातावरण शुद्ध हुआ तो इससे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि हुई थी। उन्होंने उपस्थित सभी से कहा कि आप लोग एक पेड़ माँ के नाम लगा कर उसका संरक्षण भी करे। इस दौरान पार्षद मुकेश कसेरा, राजू पाठक, सुनीता चोपड़ा, गिरी शंकर, प्रभाकर, बृजेश मिश्रा, सर्वेश पांडे, नागेश्वर आदि लोग उपस्थित रहे।

### 30 लीटर गंगा जल लेकर काशी निकले अभिषेक



**झूंसी।** युवाओ की टोली लगातर प्रयागराज से जल भर कर डीजे पर नाचते गाते बाबा की नगरी काशी के लिए निकल रही थी। धूमनगंज के अभिषेक भी सोमवार को कावड़ लेकर चले पर उनका अंदाज निराला था। वह 30 लीटर जल लेकर काशी के लिए निकले है यह देख कर हर कोई रास्ते मे उनकी वीडियो फोटो बनाने लगा। अभिषेक ने बताया कि वह अपने साथी जितेंद्र पासी व दीनानाथ के साथ 5 साल से कावड़ लेकर काशी जा रहे है। इस बार वो चार मटके में 30 लीटर जल भर कर काशी के लिए निकले है। रास्ते से गुजर रहे लोगो की नजर अभिषेक के कावड़ को देख कर ठहर जा रही थी। अभिषेक ने बताया कि ये उनकी शिव भक्ति है। झूंसी निवासी अजय यादव ने बताया कि ऐसा नजारा पश्चिम में अधिक देखने को मिलता है।

### नैनी पुलिस ने विद्यालय के प्रबंधक पर बम से हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के इंदलपुर के गंगोत्रीनगर मुहल्ले में बीते मार्च महीने में विद्यालय के प्रबंधक के ऊपर बम से हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार राहुल भारतीया (25) पुत्र राम कैलाश निवासी इंदलपुर थाना नैनी के खिलाफ पूर्व में पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार किया गया। आपको बता दे कि बीते 23 मार्च को इंदलपुर स्तिथ आदर्श इंटर कॉलेज में अंदर घुसकर दो युवकों द्वारा प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद मिश्रा पर बम से हमला कर दिया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में एक अभियुक्त प्रियांशु मिश्रा को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। इसी मामले में वांछित अभियुक्त राहुल भारतीया को रविवार को मुखबिर की सूचना पर नैनी पुलिस ने इंदलपुर से गिरफ्तार किया। राहुल के खिलाफ खुल्दाबाद, शिवकुटी और नैनी थाने में हत्या,लूट समेत कई धाराओं में कई मुकदमे दर्ज है।



# सावनी उमंग में हरियाली तीज पर महिलाएं कजरी गीत से बांधी समा

**झूंसी।** सावन के हरे भरे उमंग में लोक परंपरा एवं बरसाती फुहार के मौसम के चलते हरियाली मस्ती में रुद्रा संगम सोसायटी नसीरापुर सरायइनायत में हरियाली तीज के अवसर पर लोक कला से परिपूर्ण बहुरंगी लोकगीतों का आयोजन सोसायटी की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा सोसायटी स्थित क्लब हाउस में रविवार रात किया गया। जिसमें वरिष्ठ महिलाओं ने परंपरागत गीत कजरी से समां बांधा। महिलाओं की अद्भुत संस्कृति को कायम रखने के लिए नवयुवतियों को संजोने के लिए प्रेरित की। इस अवसर पर वरिष्ठ महिलाओं ने बताई कि गंवई संस्कृति हमारे भारत की पहचान है। हरियाली तीज सद्भावना एवं प्रेम का त्यौहार है जो सभी को एकजुटता का संदेश देता है। रुद्रा परिवार की मातृशक्तियों ने इस त्यौहार को मनाने के लिए पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। हरियाली तीज की आयोजक रुद्रा संगम की वरिष्ठ महिलाओं में आभा डे, बिन्नी सिंह, आशा सिंह, मीरा यादव, सुनिता सिंह, चंचल सिंह, सरोज मिश्रा, शुभा श्रीवास्तव, मंजू पांडे, चंचल सिंह सहित आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# नगर निगम ने अतिक्रम हटा कर लगाया पिलर

अखंड भारत संदेश

**नगर निगम की जमीन जमीन कब्जा करने की फिराक में थे कुछ लोग**



**झूंसी।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को झूंसी के सरस विहार कॉलोनी के पास स्थित करोड़ों की जमीन से अवैध कब्जा हटाकर चारों तरफ पिलर लगवाया। बताया जाता है कि यह जमीन स्कूल के लिए थी। जिसको कुछ लोग कब्जा करने पहुचे थे। झूंसी के वार्ड 85 में स्थित कूड़ा घर के पास नगर निगम की कई बीघे जमीन खाली पड़ी थी। जिस पर कुछ लोग टीन टप्पड़ रखकर अवैध कब्जा किए हुए थे। हप्ते भर पहले दर्जन पर लोग करोड़ो की खाली पड़ी जमीन को अपना बात कर कब्जा करने पहुच गए। जिससे पर स्थानीय लोग भड़क गए और पथराव हो गया। जानकारी देते हुए पूर्व सभासद राम केशरवानी ने बताया कि यह जमीन स्कूल के लिए छुटी हुई थी कब्जे की जानकारी हमहापौर गणेश केशरवानी से की गई उनके हस्तक्षेप के बाद सोमवार को अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम की टीम में खाली पड़ी जमीन से अवैध कब्जा हटाकर चारों तरफ पिलर गड़वाया।

# नैनी में सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक संपन्न हुई

**भव्य व सुन्दर होगा सार्वजनिक रामलीला : अध्यक्ष राकेश जायसवाल**



**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला समिति स्वदेशी कॉटन मिल की ओर से एक बैठक अभिनंदन गेस्ट हाउस नैनी में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक समर बहादुर सिंह ने किया है जिसमें 2024 में संपन्न होने जा रही प्रभु श्री राम की रामलीला मंचन को भाव बनाने के लिए संपनन करने पर चर्चा हुई। इसमें महामंत्री पद से नयन कुशवाहा और कार्यवाहक अध्यक्ष पर से धीरेंद्र यादव ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद खाली पद पर नए पदाधिकारियों को चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार को महामंत्री और प्रमोद सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष व पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल एवं संचालक कोषाध्यक्ष दिलीप केसरवानी ने किया। जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक गण हरि कृष्ण तिवारी, पार्षद सोनू यादव, लक्ष्मीकांत तिवारी, पार्षद रणविजय सिंह, गुरु प्रकाश राव, धर्मराज पटेल, अजीत जायसवाल, मनोज सिंह, अजय श्रीवास्तव, अब्दुल गर्नी, उमेश उपाध्याय, जयप्रकाश, ऋषि कुमार पांडे, योगेश सिंह, वृजेश सिंह, शिव तिवारी, बंटी पटेल, विनोद कुमार यादव, श्याम मिश्रा, धनंजय सिंह, अकवर हुसैन प्रिंस, रितेश, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन उपस्थित थे।

## शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 28 को मिली सफलता

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में दो कंपनियों एकेडमर एजूटेक एवं वीएनआर सीड्स प्रा.लि. द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 28 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई। निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में कई चरण के साक्षात्कार के बाद फाइर्नल में कुल 28 बच्चों को सफलता मिली। एकेडमर एजूटेक द्वारा बीएससी एग्रीकल्चर, बीटेक एग्रीकल्चर, बीटेक बायोटेक, बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग, बीटेक फूड टेक्नोलॉजी एमबीए एग्रीबिजनेस, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी फारेन्सिक साइंस के 22 बच्चों को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार वीएनआर सीड्स प्राइवेट लि0 में बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी हार्टीकल्चर, एमएससी हार्टीकल्चर एवं एमएससी सीड साइंस के 6 बच्चों को सफलता मिली। प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया।

# खंड विकास अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण




**सोरांव।** इलाके के करीब आधा दर्जन परिषदीय स्कूलों का खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार पटेल ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। कुछ स्कूलों में पंजीकृत बच्चों की अपेक्षा बहुत ही कम बच्चो की उपस्थिति से नाराजगी जाहिर किए। तो वहीं कुछ स्कूलों में मानक से ज्यादा शिक्षकों के अवकाश पर रहने से बच्चो की पढ़ाई बाधित होने की भी बात कही है। वहीं विलंब से स्कूल आने वाले शिक्षकों को भी सही समय पर पहुंचने के लिए आदेश भी दिए। इतना ही नहीं बीडीओ ने बच्चो से कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही गुर्राएगा। इसलिए सभी लोगों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किए। जानकारी के अनुसार सोरांव क्षेत्र के खेमानन्दपुर प्राथमिक स्कूल, बलकरनपुर,जुड़ापुर दांदू सहित कई परिषदीय स्कूलों में औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के उपस्थिति पंजिका रजिस्टर का भी अवलोकन किए। तथा रसोइयों में पहुंचकर मिड डे मील की गुणवत्ता परखने के साथ ही साथ बच्चो से प्रश्न पूछकर उनकी भी परीक्षा लिए। इस मौके पर विद्यालयों के स्टाफ मौजूद रहे।

## बस चालक के खिलाफ लापरवाही का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के विरसिंहपुर पाण्डेय का पुरवा निवासी बाबूलाल के पुत्र रामप्रताप तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस जुलाई को शाम चार बजे उसका लड़का घर से बसन्तगंज स्थित दुकान पर जा रहा था। इसी समय विरसिंहपुर जंगल के पास अच्छन टैज्वेल्स अठेहा की बस ने टक्कर मारकर उसके पुत्र को चुटहिल कर दिया। दुर्घटना में घायल अनुज को गंभीर चोटें आ गयी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक अभी भी घायल का इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चार बम के साथ दबोचने में सफलता ली है। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ अमावां तिराहे पर गश्त कर रहे थे। मुखबिरी सूचना पर पुलिस ने अमावां-वर्मा नगर रोड पर असैनापुर भटठे के समीप एक आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने पकडे गये आरोपी असैनापुर निवासी अवधेश कुमार यादव पुत्र रामजस की तलाशी ली तो उसके पास से चार देशी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## चारागाह पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर के मल्हीपुर पटटी कचेहरा निवासी शशांक शेखर ने चारागाह पर अवैध अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी है। फरियादी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसके गांव के कुछ लोगों ने दबंगई से चारागाह पर नुकीले तार का बाड़ लगा दिया है। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया हैं कि बीती सत्ताईस जून को राजस्व विभाग ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## सीओ चकबंदी कार्यालय के मुददे पर अधिवक्ताओं ने आंदोलन को लेकर किया मंथन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ चकबंदी कार्यालय को सांगीपुर से लालगंज तहसील मुख्यालय संचालित कराए जाने को लेकर अधिवक्ताओं ने सोमवार को रणनीतिक चर्चा की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि सीओ चकबंदी कार्यालय को तहसील से बारह किलोमीटर दूर सांगीपुर में किराये के भवन में संचालित कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि तहसील परिसर में कार्यालय संचालन के लिए भवन उपलब्ध है। इसके बावजूद सांगीपुर में इस कार्यालय के संचालन होने से वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कई बार अधिकारियों को ज्ञापन देने के बावजूद सुनवाई नही हो रही है। महामंत्री सूर्यकांत निराला ने इस मुददे पर आंदोलन शुरू करने को लेकर रणनीतिक मसौदा रखा। संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर शुक्ल ने किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राममोहन सिंह, टीपी यादव, संतोष पाण्डेय, उमेश नारायण तिवारी, नामवर सिंह, संजय सिंह, शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, पारस नाथ सरोज, प्रभाकर पाल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, सुशील शुक्ल, आशीष तिवारी, विनय जायसवाल, ओपी जायसवाल, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में पट्टी के युवक की मौत, कोहराम

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन आनन-फानन में आगरा के लिए रवाना हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव के रहने वाले सुरेन्द्र कुमार चैरसिया का छोटा बेटा अंकित उर्फ अलगू चैरसिया उम्र 20 वर्ष बस पर कंडक्टरी सीखने घर से दस दिन पूर्व गया था। वह आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए बस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन शव घर लाने के लिए आगरा जनपद रवाना हो गए हैं। बता दें मृतक दो भाइयों में छोटा था। युवक की मौत से बड़े भाई मृत्युंजय चैरसिया व मां मीना चैरसिया के साथ ही पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## बीस घंटे से दो फिडर की आपूर्ति बाधित कई गांवों में छाया अंधेरा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** हल्की बारिश व हवा के चलते दो फीडरो की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके चलते कई गांवों में बीस घंटे से बिजली नहीं है। सोनाही विधुत उपकेंद्र के रखहा व दीवानगंज फीडर की आपूर्ति बीस घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। लोगों का इंवर्टर मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो गया। सबसे ज्यादा समस्या पानी को लेकर हुई।बिजली के बगैर समरसेबल नहीं चल सकें। उपभोक्ता बिजली की समस्या की जानकारी करना चाहे लेकिन हे कर्मचारी बताने की जहमत नहीं उठाई। जिससे उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी है।

## मेहनत करके बच्चे राष्ट्र में अपनी पहचान बनाएं: एसडीएम- जवाहर नवोदय विद्यालय नारायणपुर में शुरू हुई दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता




**प्रतापगढ़।** पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, नारायणपुर में नवोदय विद्यालय समिति. क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के तत्वाधान में विभिन्न नवोदय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का दो दिवसीय वाराणसी-ब संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 वर्ग में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन उपजिलाधिकारी लालगंज नामित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रतापगढ़ के छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना व अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। उपजिलाधिकारी ने कु. प्रतिमा पटेल के साथ एक शो मैच खेलकर खेलों का शुभारंभ किया। वाराणसी-ब संकुल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 के बालक-बालिका वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय अम्बेडकरनगर, अमेठी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, व सुल्तानपुर के लगभग 40 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। एसडीएम ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही कहा कि आप सब इतनी मेहनत करो कि राष्ट्र से विश्व स्तर तक अपनी पहचान बनाओ। जीवन में खेलों कि महत्ता सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की लक्ष्मणपुर ब्लाक इकाई का हुआ गठन

### पदभार ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों को सौंपा गया प्राधिकार पत्र

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में वुमेन टीचर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की लक्ष्मणपुर ब्लाक इकाई की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंपा गया।




समारोह में सर्वप्रथम शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गयी। तत्पश्चात नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंप कर पदभार ग्रहण कराया गया। समारोह में जिन नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र सौंपा गया उनमें मुख्य रूप से अध्यक्ष विजय लक्ष्मी सिंह, महामंत्री पूर्णिमा सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गरिमा सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपाध्यक्ष प्रिया सिंह, उपाध्यक्ष कंचन यादव, उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, उपाध्यक्ष स्मिता पाल, कोषाध्यक्ष सुमन यादव, संयुक्त मंत्री सरिता सिंह, मीडिया प्रभारी आकांछा सिंह, मंत्री अनीता सक्सेना, संगठन मंत्री शिखा वर्मा, संगठन मंत्री प्रतिमा सिंह एवं संगठन मंत्री पूनम मिश्रा द्वारा उसे सहर्ष स्वीकार किया गया। डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, महिला शिक्षक संघ की संरक्षिका डॉ० शाहिदा खान, अधिवक्ता शांति सिंह, एल०आई०सी० के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य एवं संगठन की प्रदेश महामंत्री अनुष्का मौर्या, जिला अध्यक्ष मीना पुष्पाकर, जिला महामंत्री स्नेहा शुक्ला, जिला समन्वयक शालिनी सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष निर्भय सिंह व मंत्री सुधीर मिश्र एवं शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा उन्हें बधाई दी गयी। समारोह का संचालन अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर सुमन सिंह, नीता सिंह, अनुपमा सिंह, संगीता कोरी, शोभा शुक्ला, साधना सिंह, जीतेन्द्र सिंह, विश्वदीप सिंह, अशोक कुमार तिवारी, कुसुमलता श्रीवास्तव, शिवानी सिंह, प्रभाकर पाण्डेय, शिप्रा सरोज, वैभवश्री शुक्ला, जयश्री शुक्ला, कोमल शर्मा, श्रेया तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव का 32वाँ अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

### पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव का 32वां अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इसका उदघाटन डॉ. क्षितिज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलाध्यक्ष ला. बलबीर सिंह बग्गा, मुख्य वक्ता सौरभ कांत श्रीवास्तव, अधिष्ठापन अधिकारी उप मंडलाध्यक्ष प्रथम ला. डॉ अर्पण धर दूबे और दीक्षा अधिकारी उप मंडलाध्यक्ष द्वितीय ला. उदय चंदानी, कैबिनेट सचिव सुधीर भल्ला, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष गुप्ता, कैबिनेट कोषाध्यक्ष ऋषि जायसवाल, कैबिनेट अधिकारी मनोज खत्री,



उमेश कक्कड़, मो. मुस्तफा मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सत्र 2023-24 की अध्यक्ष ला. डॉली केसरवानी ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ला. मालिनी केसरवानी ने शपथ ग्रहण के उपरान्त अपने सत्र में होने वाले सेवा कार्य और स्थाई परियोजना व वार्षिक कारयक्रमों के बारे में बताया। ला. श्रद्धा केसरवानी ने सचिव पद की शपथ लेते हुए इस सत्र और लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव को एक नई बुलंदियों पर ले जाने की बात की। ला. दीपमाला मिश्रा ने कोषाध्यक्ष की शपथ लेते हुए क्लब के हर कार्यक्रम में समर्पित होने की बात की। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन ला. मनीष केसरवानी, जोन चेयरपर्सन आनंद केसरवानी, कोआर्डिनेटर ला. पीयूषकांत शर्मा, जय प्रकाश खण्डेलवाल, सतवीर सिंह, रवि सिंह, राकेश शुक्ला, राजेश कुन्दनानी, हरीश सैनी व लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा अन्य सभी प्रतिष्ठित सामाजिक एवं विविध स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों भी उपस्थिति थे जिनहोंने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। लायंस क्लब गौरव के सेवा भाव और समर्पण से प्रभावित होकर पांच नये सदस्यों विकास केसरवानी, सत्येन्द्र सिंह, गुरूदीप सिंह बग्गा, मनीष चैरसिया एवं रवि केसरवानी ने लायंस क्लब ह्यगौरवश की सदस्यता ग्रहण की। स्वागत भाषण चार्टर अध्यक्ष ला. डा बृजभानु सिंह तथा संचालन ला. शिशिर खरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष ला. प्रेम खण्डेलवाल ने अतिथियों और उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# सपाईयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की 92वीं जयंती

## चित्र पर पुष्प चढ़ाकर दी गई श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर समाजवादी पार्टी के प्रख्यात चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की 92वीं जयंती पर उनके फोटो पर पुष्प चढ़कर मनाया गया।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष भैया राम पटेल ने बताया कि पांच अगस्त 1933 को बलिया के शुभनथहीं गांव में जन्मे जनेश्वर मिश्र के पिता रंजीत मिश्र किसान थे। प्राथमिक शिक्षा बलिया में ली और 1953 में प्रयागराज पहुंचे। यहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। छात्र राजनीति में सक्रिय हुए थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने बताया



कि छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक जनेश्वर मिश्र की जन्मतिथि आज पांच अगस्त को है। उनकी जन्मभूमि भले ही बलिया रही हो पर कर्मभूमि संगमनगरी ही थी। बतौर सांसद हमेशा नया कटरा स्थित अपने निवास से चैक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में रिक्शा पर जाते थे और किराया किसी कार्यकर्ता से दिलाते थे इस मौके पर गुलफाम खान, जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, जिला उपाध्यक्ष रमेश पाठक, जिला सचिव सफात अहमद, अनिल यादव, कृष्ण कांत मिश्रा उर्फ गुड्डू मिश्रा, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूर्व प्रमुख शांति सिंह, उर्मिला यादव, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, विधानसभा अध्यक्ष राम डॉक्टर राम बहादुर पटेल, सुरेश यादव, सगीर खान, नगर उपाध्यक्ष कुरेशी भाई, जलाल अहमद, सर्वेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## आठ शिक्षक और पांच शिक्षामित्रों का बीएसए ने रोका वेतन- आज अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आज सोमवार को विकास खण्ड सदर के प्राथमिक विद्यालय मतुई में अनुपस्थित रहे नौ अध्यापकों/शिक्षामित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनके वेतन आहरण पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

बता दें कि प्रा०वि मतुई, वि०ख०-सदर, प्रतापगढ़ में नूर जहां प्र०अ०, निरूपमा गौड स०अ०, वन्दना देवी स०अ०, विमल राव स०अ०, विशाल चन्द्र सरोज स०अ०, अन्नू पाण्डेय स०अ०, हसीना बानो शि०मि०, कृष्णा देवी शि०मि० व सरिता सिंह शि०मि० सोमवार को स्कूल में अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार विकास खण्ड सदर के प्राथमिक विद्यालय राजापुर औवार में दो सहायक अध्यापकों आकृति सिंह व नितिका शर्मा और दो शिक्षामित्रों अनामिका सिंह व विभा सिंह को अनुपस्थित पाया गया। इनका भी वेतन रोककर कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई कि आप सभी लोग बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित है। उक्त से ऐसा प्रतीत होता है कि आप सभी अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति तनिक भी सचेत नही है। आप सभी का यह आचरण अध्यापक/कर्मचारी सेवा नियमावली में निहित प्राविधानों के सर्वथा विपरीत है एवं विभागीय नियमों एवं शासन की प्राथमिकता के कार्यों से सम्बन्धित शासकीय निदेशों के प्रति बरती जा रही स्वेच्छाचारिता एवं शिथिलता का द्योतक है। बीएसए ने एक दिन का वेतन/मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाते हुए निर्देशित किया है कि अपना स्पष्टीकरण खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से तीन दिन के अंदर दें अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध कार्यवहाी की जाएगी।

## ईट व्यवसायी को मारी गोली, प्रयागराज रेफर- पुलिस कर रही मामले की जांच



**जेठवारा, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के परबतपुर गांव के निवासी शिवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह (37) वर्ष रविवार की शाम रामगंज बाजार स्थित अपने ईद भट्टे पर बैठे थे अचानक एक युवक उन पर निशाना साध कर गोली मार दिया। गोली सोनू के सिर में लगी और वह बेहोश होकर नीचे गिर गए। घटना के समय भट्टे पर मौजूद मजदूर और मुंशी दौड़कर आए, तब तक आरोपी फरार हो चुका था।

आनन फानन में सोनू को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। स्वरूप रानी अस्पताल में सोनू को आईसीयू में रखा गया है। सिर में गोली लगने के कारण सोनू की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। जेठवारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक पर्वतपुर गांव के निवासी शिवेंद्र प्रताप सिंह रामगंज बाजार में स्थित सचिन ईंट उद्योग के नाम से ईट भट्ठे का संचालन करते हैं रविवार की शाम वह भट्टे के कार्यालय में बैठे हुए थे तभी एक युवक अंधेरे का फायदा उठाते हुए उनके पास पहुंचा और उनके सिर में गोली मार दिया। मौके पर दौड़ कर आए लोग भी आरोपी को पहचान नहीं सके। सूचना मिलते ही जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंच गई ,साथ ही उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और आरोपी की तलाश कर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। पैसे के लेनदेन का मामला बताया जा रहा है।

## सक्षम सिंह योगी बनाये गये लोकसभा प्रतापगढ़ से गौ सांसद

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा गठित भारत की पहली गो संसद विगत 2 अगस्त से प्रारम्भ हुई है जो दिल्ली के तेरापंथ भवन में चल रही है।गौ संसद के दौरान जगदुरु शंकराचार्य महाराज की प्रेरणा से बने गौ गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक एवं भारतीय युवा विद्यार्थी संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा सक्षम सिंह योगी को प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से गौ सांसद के रूप में मनोनीत किया गया है। पूरे देश के 543 लोकसभा क्षेत्रों से लोगों ने जगद्गुरु शंकराचार्य जी के सानिध्य में गौ सांसद के रूप में दिल्ली में शपथ ली। इसी क्रम में राजा सक्षम योगी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से गौरक्षा की शपथ लेते हुए गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने हेतु व गोकशी पूर्णतः प्रतिबंधित कराने हेतु अपना हर संभव प्रयास एवं योगदान प्रदान करने का संकल्प लिया। विदित है कि राजा योगी समाज सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर चुके है और पट्टी क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता के रूप में पहचाने जाते है राजा सक्षम योगी के गौ सांसद पद पर मनोनीत होने की खबर सुनते ही क्षेत्रीय लोगों में खुशी कि लहर दौड़ पड़ी और लोगों में दूरभाष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई व मंगलकामना सम्प्रेषित की है ।जनसत्ता दल छात्र प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह ने कहाँ की राजा योगी के इस पद पर मनोनीत होना हम सबके लिए बहुत ही हर्ष की बात है।

# सावन के तीसरे सोमवार को भयहरण नाथ धाम में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

## शिव भक्तो को घुघुरी उत्सव में मिला आमंत्रण

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मास के तृतीय सोमवार को शिव भक्तो सामान्य से अधिक भीड़ हुई। पुलिस व कार्यकर्ताओ की उतम व्यवस्था रही । पुजारियों व कार्यकर्ताओ द्वारा नागपंचमी पर 9 अगस्त को होने वाले घुघुरी लोक उत्सव में सभी को आमंत्रित भी किया गया।

भयहरण नाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया कि थानाध्यक्ष जेठवारा धर्मेंद्र सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव व धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में मेला व मन्दिर की सुव्यवस्था जारी है। पुजारी भोला नाथ तिवारी ने सुबह 5 बजे भोले नाथ का अभिषेक करके



मन्दिर के कपाट जनता जनार्दन हेतु खोल दिये। वहीं पुलिस चैकी प्रभारी गणेश पटेल के संयोजन मे स्थानीय अस्थाई थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा सभी पॉइंट पर अपनी सेवाएं दी गई। कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र के संयोजन में कार्य कर्ताओ ने अपनी भूमिका निभाई। उपसचिव प्रशासन फूल चंद्र पटेक व उप सचिव संगठन अमरेश मिश्र ने प्रबन्ध समिति की ओर से पर्यवेक्षण करके सभी व्यवस्था में सहयोग किया। सभी व्यवस्था में मन्दिर व मेला व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी भूमिका निभाई। देर शाम को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन आचार्य कार्तिकेय शास्त्री, लालता प्रसाद मिश्र व देवी प्रसाद मिश्र की देखरेख मे हुआ जिसमे प्रमुख पदाधिकारियों के साथ कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र व स्वच्छता नायक राज कुमार ने भी प्रतिभाग किया।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में कांवडिया श्रद्धालुओं व शिवभक्तों का अदभुत नजारा दिखा। भोर होते ही बडी संख्या में कांवडिया श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ बाबा का जलाभिषेक करने में आतुर दिखे। वहीं सई की जलधारा में बिराजे देवाधिदेव महादेव को लेकर भी प्रयागराज तथा अमेठी व ऊंचाहार आदि स्थानों से पहुंचे कांवड़ियों में विशेष आकर्षण दिखा। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में स्वयंसेवको ने शिवभक्तों को दर्शन पूजन में सहयोग करते देखा गया। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा तथा सीओ रामसूरत सोनकर भी दोपहर तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के प्रबन्धों में जुटे दिखे। शिवभक्तों ने बाबा को पुष्प, दूध, दही, अक्षत व बिल्व पत्र अर्पित कर अपनी मन्नतें मांगी। इधर सई का जलस्तर बढ़ने से पुलिस घाट पर भी मुस्तैद दिखी।

ज्यादातर श्रद्धालुओं ने गंगा सागर में स्नान कर बाबा का दर्शन किया। धाम में विशेष स्वास्थ्य शिविर में भी चिकित्सा टीम जरूरतमंदो को दवा वितरण में जुटी दिखी। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक तीसरे सोमवार को एक लाख पैंतीस हजार से चालीस हजार तक शिवभक्तों ने धाम में जलाभिषेक किया। वहीं धाम समेत लालगंज, वर्मा नगर, अमावां आदि स्थानों पर लोगो ने कांवड़िया शिवभक्तों के लिए जलपान एवं भण्डारे का भी आयोजन कर रखा था। लालगंज चैक से सांगीपुर के लिए सोमवार की सुबह से दोपहर बाद तक पुलिस ने बडे वाहनों का रूट डायवर्जन करा रखा था।

# स्कूल और कार्यालय के औचक निरीक्षण पर पहुंचे डीएम, हड़कंप



जिलाधिकारी ने बीआरसी कड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा एवं कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम का किया आकस्मिक निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से कार्यालय आने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** सोमवार के दिन अचानक जिलाधिकारी सरकारी स्कूल और कार्यालय के निरीक्षण में निकल पड़े जिला अधिकारी के अचानक निरीक्षण करने पहुंचने से स्कूल और कार्यालय में हड़कंप मच गया जिलाधिकारी मधुसुदन हुल्गी ने सोमवार बीआरसी कड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा एवं कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी द्वारा बीआरसी कड़ा के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं था। चपरासी रघुनाथ कुछ ही देर में कार्यालय में उपस्थित हुए, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए चपरासी रघुनाथ को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय आना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षाधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर बताया गया कि वे विद्यालयों का निरीक्षण कर रहें है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी का लाइव लोकेशन लेने पर वो विद्यालय का निरीक्षण करते हुए पाये गये। उन्होंने वरिष्ठ सहायक सकलेन से छात्र-छात्राओं के डीबीटी की अद्यतन स्थिति, विद्यालयों का कायाकल्प एवं विकास खण्ड में निपुण छात्र-छात्राओं की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने एआरपी के विषय में भी जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कुल छात्रों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के निपुणता पर विशेष ध्यान दिया जाय। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि वर्षा के समय रसोईं घर की छत से पानी गिरता है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को छत की मरम्मत करवाने के निर्देश दियें। अध्यापकों द्वारा टैबलेट न लेकर आने एवं टैबलेट बन्द पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि टैबलेट ओपेन रखा जाय तथा शासकीय कार्यों को सम्पादित किया जाय। उन्हांने विद्यालय में स्मार्ट क्लॉस क्रियाशील न पाये जाने पर प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया स्मार्ट क्लॉस क्रियाशील कराया जाय। उनके द्वारा छात्र-छात्राओं से अग्रेंजी की किताब पढ़वाया गया एवं गणित के सवाल पूँछे जाने पर सही जवाब दिया गया। विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पायी गई। जिलाधिकारी ने कार्यालय अधिशासी अधिकारी दारानगर-कड़ाधाम के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें कनिष्ठ सहायक शिवम मौर्य एवं आउटसोर्स के कर्मचारी अनुपस्थित पाये गयें। क्षेत्र में रहने के स्थान पर कार्यालय परिसर में जेसीबी एवं कूड़ा गाड़ी आदि खड़ी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उत्तरदायी अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ई0ओ0 को नगर पंचायत सिराथू का चार्ज होने के कारण आज वे कार्यालय नगर पंचायत सिराथू में उपस्थित रहकर शासकीय कार्यों को सम्पादित कर रहें है।

## कम्प्यूटर आपरेटर बना पूर्ति निरीक्षक

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले के चायल तहसील में भ्रष्टाचार नही रुक रहा है भ्रष्ट संविदा कर्मियों की मनमानी से जनता त्रस्त हो गई हैं संविदा कर्मियों के भरोसे आफिस चल रहा है उच्च अधिकारी जब अपने आपरेटरों के तानाशाह रवैया व भ्रष्टाचारी पर अंकुश नही रख पाते या उनके सह पर सब हो रहा है। चायल तहसील मे पूर्ति निरीक्षक कार्यालय मे तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर कई वर्षों से एक ही जगह पर रहने के कारण अपने आप को पूर्ति निरीक्षक समझने लगा है जनता के प्रति इसके तानासाही व भ्रष्ट कार्यशैली रवैये से जनता खूब त्रस्त हो चुकी है और इनकी तानाशाही व कार्यशैली ने सवाल खड़ा कर दिया है जब की सरकार ने कोई भी अधिकारी या कर्मचारी को जनता के कार्य के लिये ही नियुक्त कर लाखों रुपये वेतन के रुप मे खर्चा करती है लेकिन फिर भी कर्मचारी तानाशाह बनकर कार्य करते हैं लेकिन पूर्ति निरीक्षक भी उन पर मेहरवान होकर उनको रोकने का साहस नही कर पा रहे हैं जिससे तानाशाही व भ्रष्टाचारी बरकरार रहती है जो गंभीर जांच का विषय है पीड़ित जनता ने भ्रष्टाचार मे लिप्त कम्प्यूटर ऑपरेटर को यहां से हटाकर दूसरे ऑपरेटर की नियुक्ति की मांग जिलाधिकारी से किया है।

# मनरेगा के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कराये पूर्ण : डीएम

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में मनरेगा स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत जनपद में कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा योजनान्तर्गत कराये जा रहें कार्य यथा-मानव दिवस सृजन, अमृत सरोवर, मनरेगा अन्नपूर्णा भवन, इंटरलाकिंग-आन्तरिक सड़क निर्माण, स्कूल बाउण्ड्री, हॉट बाजार, नाला निर्माण, खेल मैदान, पंचायत भवन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, समतलीकरण एवं मेड़बन्दी, वृक्षारोपण एवं ससुर खदेरी नदी पुनरूद्धार कार्य सहित आदि कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवरों के जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहें हैं, उनमें तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाय। उन्होंने स्कूल, अस्पताल एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्रों सहित अन्य जनोपयोगी स्थानों पर इंटरलॉकिंग के कार्य कराये जाने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मनरेगा योजनान्तर्गत स्कूलों में कराये जा रहें बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि शेष जो भी निर्माण कराये जा रहें हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करा लिया जाय इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकरी सुखराज बन्धु एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# रामवन गमन मार्ग निर्माण में गांव का रास्ता बंद किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश



**कौशाम्बी** चित्रकूट से अयोध्या तक बनाए जा रहे राम वन गमन मार्ग में ठेकेदार और कार्यदाई संस्था द्वारा मनमानी तानाशाही किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश उपज रहा है राम वन गमन मार्ग के निर्माण के पूर्व कार्य योजना बनाते समय अधिकारियों ने भी आम जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर दिया है जिससे रामबन गमन मार्ग निर्माण के बाद आम जनता के सामने समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर संपूर्ण बातें बताकर रास्ता चालू कराए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक रसूलपुर गिरसा गाँव के मुख्य मार्ग में आम जनमानस के अवागमन के लिए राम वन गमन मार्ग में अंडर पास बनवाने की मांग कों लेकर विक्रम सिंह एडवोकेट सभासद वार्ड नंबर 5 नगर पालिका भरवारी ने ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कों ज्ञापन सौपा है नगर पालिका भरवारी के वार्ड नंबर 5, रसूलपुर गिरसा गाँव के बगल से जा रहें अयोध्या चित्रकूट मार्ग रामगमन मार्ग में गाँव के मुख्य मार्ग कों फ्लाइ ओवर बनाकर बंद किया जा रहा है, जिससे गांव के लोगों को मुख्य रोड में आने में दिक्कतों से गुजरना पड़ेगा ठेकेदार और कार्यकारी संस्था से ग्रामीणों ने बार-बार रास्ता बनाए जाने की मांग की लेकिन वह तानाशाही पर उतारू है जिसके विरोध में और फ्लाइ ओवर पुल में छोटा सा अंदर पास की मांग कों लेकर सोमवार को वार्ड के दर्जनों वासियों के साथ विक्रम सिंह एडवोकेट सभासद वार्ड नंबर 5, नगर पालिका भरवारी ने जिलाधिकारी से मिलकर प्रार्थना पत्र दिया. जिलाधिकारी ने मांग कों मानकर आम जनमानस के आवागमन के लिए, गाँव के मुख्य मार्ग में फ्लाइ ओवर के नीचे छोटा सा अंडर पास बनाये जाने का आश्वासन दिया है।

# रहस्यमय परिस्थिति मे विवाहिता फंदे से झूली

108 एम्बुलेंस कर्मचारी की सूझबूझ से बची जान, विवाहिता को ससुराल के लोगों ने कितना प्रताड़ित किया कि वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो गई




**कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घोसारा गॉव की एक विवाहिता अपने पति के प्रताड़ना से त्रस्त होकर के फांसी के फंदे में झूल गयी फांसी के फंदे में झूलने की जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने आनन फानन में विवाहिता को नीचे उतार लिया मामले की सूचना डायल 108 को दी गई उस समय विवाहित बेहोशी की हालत में थी डायल 108 के कर्मचारियों की सूझबूझ से इलाज के बाद विवाहिता की जान बच सकी है

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घोषरा गांव निवासी सुषमा देवी पत्नी रोहित का रविवार को पत्नी सुषमा से विवाद हुआ था विवाद के बाद रोहित घर छोड़कर चला गया और वह रविवार की पूरी रात वापस नहीं लौटा सोमवार को भी दोपहर तक वह वापस नहीं लौटा विवाहिता ने अपने पति से फोन पर बात करने के प्रयास किया लेकिन उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला जिससे विवाहित बेचैन हो गई और बेचैनी के बाद सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे सुषमा ने घर में ही दरवाजा बंद कर-के फांसी लगा ली। दरवाजा बंद करके विवाहिता के फांसी लगाने की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी परेशान हो गए और घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर सुषमा को फंदे से नीचे उतारा और तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना मिलते ही 10 मिनट के अंदर 108 एम्बुलेंस मरीज के घर पहुंच गयी। एम्बुलेंस पर मौजूद ईएमटी ओम प्रकाश सिंह ने फोन पर ही मरीज सुषमा की स्थिति का जायजा लेते हुए पूरी तैयारी के साथ घर पहुचे और ईएमटी ओम प्रकाश द्वारा सुषमा का बीपी, पल्स, ऑक्सीजन लेवल चेक करने पर कुछ भी नहीं बता रहा था, तो तत्काल ओम प्रकाश ने सुषमा को सीपीआर देना शुरू किया फिर पल्स बीपी और ऑक्सीजन बताने लगा। फिर ओम प्रकाश ने सुषमा को गंभीर स्थिति में एम्बुलेंस पर शिफ्ट किया और रास्ते में एम्बुलेंस पर मौजूद उपकरण एनआरबीएम 15 लीटर लगाकर बीवीएम किया और ऑक्सीजन की सप्लाई देते हुए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया। एम्बुलेंस पायलट शिवम् कुशवाहा ने कुशलता पूर्वक एम्बुलेंस को चलाते हुए मरीज सुषमा को समय से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। विवाहिता की जान बचने के बाद ससुराल के लोगों ने राहत की सांस ली है यह सवाल उठता है कि विवाहिता को ससुराल के लोगों ने कितना प्रताड़ित किया कि वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो गई है इस घटना के बाद ससुरालियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं

## जगह-जगह जल भराव से आवा गमन में हो रही दिक्कत

महेवाघाट गांव के विकास के नाम पर सरकारी योजनाएं बना करके पांच वर्षों के बीच करोड़ की रकम खर्च कर दी गई है



**कौशाम्बी।** सरसवा विकासखंड क्षेत्र के महेवा घाट गांव में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के लापरवाही से गांव की गलियों सड़को में जगह-जगह जल भराव हो रहा है जल भराव होने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही है गांव के विकास के नाम पर सरकारी योजनाएं बना करके पांच वर्षों के बीच करोड़ की रकम खर्च कर दी गई है लेकिन करोड़ों की रकम खर्च किए जाने के बाद भी गांव में जल निकासी की समस्या बनी हुई है और थोड़ी सी बारिश में गांव की गलियों और सड़कों में जल भराव हो जाता है कीचड़ युक्त सड़को पर चलने में लोगों को दिक्कत होती है योगी सरकार विकास की बात कर रही है उनके मंत्री विधायक सांसद अधिकारी विकास योजनाओं का ढिंढोरा पीट रहे हैं लेकिन महेवा घाट गांव में जल निकासी नाली खरंजा सीसी रोड इंटरलाकिंग के नाम पर पांच वर्षों के बीच करोड़ की रकम खर्च किए जाने के बाद गांव की दुर्दशा से आम जनता परेशान हो गई है गलियों में जल भराव होता है कीचड़ भरा रहता है पानी का बहाव नहीं होता है सवाल उठता है कि सरकारी अभिलेखों में विकास योजनाएं संचालित करके कब तक सरकारी योजनाओं पर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान लूट करते रहेंगे खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत सरसवा ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार में हिस्सेदारी लेकर कब तक गुलामी करते रहेंगे। महेवा घाट गांव में 5 वर्षों में जल निकासी के लिए बनाई गई योजना और उस पर खर्च की गई रकम की यदि बिंदुवार जांच हुई तो ग्राम प्रधान वा पंचायत सचिव से लेकर 5 वर्ष की तैनाती के बीच खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत के कारनामों का खुलासा होगा।

## मनौरी बाजार में सोमवार को पकड़ा गया बड़ा जुआ

**कौशाम्बी** पिपरी थाना के मनौरी बाजार में सोमवार को जुआ की फड़ पर बड़ा जुआ पकड़ा गया है जुआ खेलते दर्जनों इज्जतदार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं एसओ पिपरी सीओ चायल और एसओजी प्रभारी की टीम छापा में मौजूद थी सीओ कार्यालय में देर रात तक जुआरी और पुलिस मौजूद थी थाना पुलिस से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद उनकी ब्यस्तता के चलते बात नहीं हो सकी है सूत्रों की माने तो एक केसरवानी के मकान मनौरी में जुआ संचालित हो रहा था जहां पुलिस का छापा पड़ा है लाखों मौके से बरामद है जुआ संचालक सहित एक दर्जन जुआरी मौके पर पकड़े गए हैं बताया जाता है कि लंबे समय से जुआ का खेल बेखौफ होकर चल रहा था जुआ संचालक जुआरियों से जुआ की नाल के रूप में मोटी रकम वसूल रहा था कुछ लोगों के नाम की जानकारी है लेकिन उनके सम्मान को देखते हुए उनका नाम नहीं उजागर किया जा रहा है

# पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के डीएम ने दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**कौशाम्बी।** जिला स्वच्छता समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि नियमित भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाय कि मॉडल ग्राम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में किये जा रहें सभी गतिविधियॉ क्रियाशील रहें। जिलाधिकारी द्वारा प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट इकाई, नेवादा में विद्युत कनेक्शन का कार्य जल्द से जल्द कराकर इकाई को चालू कराने के निर्देश दियें गये। बैठक में मा0 जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी अपने-अपने विचार रखें गये। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 7240 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 3755 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 1674 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी 3485 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 2081 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोंफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 408613 लाभार्थियों के शौचालयां का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 390791 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका हे, अवशेष 17822 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि गंगा एक्शन प्लान के तहत गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों को माडल घोषित किया जाना है, जिसमें 30 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 41 ग्रामों को मॉडल ग्राम घोषित किया जा चुका है, बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराए गए कार्यों पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए जाने पर विचार-विमर्श,वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय, आईईसी/प्रचार-प्रसार मद, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन तथा प्रशासनिक मद एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा एक्शन प्लॉन के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकरी सुखराज बन्धु एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सभी विकास खण्डों के बीडीओ एवं जन प्रतिनिधि गणों सहित अन्य सम्बधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### भवन्स मेहता महाविद्यालय में फाइलेरिया मुक्ति अभियान' कार्यक्रम का आयोजन




**भरवारी कौशाम्बी** भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी में 5 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'फाइलेरिया मुक्ति अभियान' को गति देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम को सर्वप्रथम विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉक्टर निशांत ने संबोधित किया।उन्होंने सर्वप्रथम फाइलेरिया के बारे में बोलते हुए कहा कि यह एक नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज है,जिसमें फाइलेरिया परजीवी मच्छरों के माध्यम से मनुष्यों को संक्रमित करता है।उन्होंने आगे फाइलेरिया के प्रमुख लक्षणों के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की जांच कैसे की जाती है और फाइलेरिया के संचरण को कैसे नियंत्रित किया जाए इस पर भी अपने विचार व्यक्त किया।अंत में उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए भारत के लक्ष्य पर भी अपना विचार व्यक्त किया।इसके बाद पी०सी०आई० के जिला संयोजक बालेंदु सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए फाइलेरिया उन्मूलन के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की।उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कौन-कौन सी दवा दी जाती है ,उन दवाओं को खाने में कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए इस पर अपने विचार व्यक्त किया।इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि ने छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आपको इसका प्रचार घर- घर करना पड़ेगा और इसका प्रचार प्रसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी करना पड़ेगा।कार्यक्रम में प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी,प्रोफेसर विमलेश कुमार त्रिपाठी,प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी,डॉ० सी०पी० श्रीवास्तव ,डॉ०मो० आदिल डॉ०राहुल कुमार राय दीपक और पंकज पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सुमन ने पेश की मिशाल कि बेटी को भी बेटे से कम ना समझे

ई रिक्शा चलाकर बेटी कर रही परिवार के 7 लोगो का पालन पोषण



**अझुवा कौशांबी** पिता शारीरिक रूप से कमजोर ,माता कमजोर ,चार बहने और एक भाई और परिवार के पालन पोषण के लिए एक किशोरी ने अपनी पढ़ाई छोड़ ई रिक्शा चलाकर अपने बेटी होने का धर्म निभा रही है। सिराथू तहसील के ग्राम सभा भैराएं निवासी अशोक कुमार मौर्य गरीब परिवार है पत्नी सहित इनके 4 पुत्रियां सोनी 20 वर्ष ,सुमन 15 वर्ष ,प्रियंका 7 वर्ष ,शिवानी 5 वर्ष एक पुत्र 6 वर्ष हैं अशोक कुमार के मात्र 1 बीघा खेत है ,मकान कच्चा और जीर्ण है घर चलाने के लिए इन्होंने बैट्री वाला रिक्शा ले रखा है अशोक कुमार अक्सर बीमार पड़ जाते हैं मझोली पुत्री सुमन लगभग 15 वर्ष की हैं आर्थिक तंगी ने परिवार की कमर ही तोड़कर रख दी ऐसी स्थिति में मझोली पुत्री सुमन 15 वर्ष ने परिवार की जिम्मेदारी निभाने का निर्णय लिया वह सुबह 8:00 बजे ई रिक्शा लेकर घर से निकल जाती है और देर शाम तक अझुवा वाया टांडा सहित क्षेत्र के विभिन्न सड़कों पर सवारियां ढोकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में जुटी हुई है।परिवार के लिए अपने फर्ज को अंजाम देने वाली ऐसी बेटी को देखकर हर व्यक्ति उसकी प्रशंसा कर रहा है उसने मिसाल पेश की है कि बेटी को भी बेटे से कम ना समझे

### वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के अपलाइन पर अधेड़ की वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई रेलवे पुलिस ने चीथड़ों को समेट कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ज्ञानी उम्र 60 वर्ष पुत्र स्व.रामसहाय निवासी कनवार खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं आज सोमवार को रेलवे ट्रैक के पार उनके खेत में धान रोपा जा रहा है घर से मजदूरों के लिए नाश्ता पानी लेकर वह खेत जा रहे थे ।कनवार अंडर पास के ऊपर फाटक से पूर्व की ओर से रेलवे ट्रैक को पार कर वह जा रहे थे उसी दरम्यान अप लाइन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में किसान ज्ञानी आ गए जिससे ज्ञानी के परखच्चे उड़ गए ट्रेन दुर्घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया रेलवे पुलिस ने टुकड़ों को इकठ्ठा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया वहीं ग्रामीणों की माने तो यह हादसा अंडर पास बनाने वाले ठेकेदारों की वजह से हुआ बरसात का पानी अंडर पास में इतना भरा है निकलना मुश्किल है, साइकिल,पैदल सवार लोग रेलवे ट्रैक पर जान जोखिम में डालकर पार करते हैं।

### प्रशिक्षण पर लेखपालों ने उठाया सवाल एसडीएम को सौपा पत्र



**कौशांबी** खतौनी अंश निर्धारण कार्यक्रम के लिए लेखपालों को दिए गए प्रशिक्षण के बाद लेखपालों ने खतौनी अंश निर्धारण का कार्यक्रम पारदर्शी तरीके से नहीं किया जिससे तमाम किसानों के खतौनी अंश में तमाम खामियां आने लगी जब लेखपालों के कारनामों की शिकायत अधिकारियों तक पहुंची तो अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया जिस पर लेखपालों ने उप जिला अधिकारी को पत्र देकर प्रशिक्षण पर ही सवाल खड़ा कर दिया है प्रशिक्षण पर सवाल खड़ा कर दिए जाने के बाद क्या दोबारा प्रशिक्षण कराया जाएगा या फिर सवाल खड़ा करने वाले लोगों पर अनुशासन की कार्यवाही की जाएगी। जानकारी के मुताबिक सोमवार को उप जिलाधिकारी को पत्र सौपते हुए तहसील अध्यक्ष सुनील दुवेदी मंत्री सिराथू कमल सिंह लेखपाल विजय सिंह अश्विन कुशवाहा हर्षित आदि ने कहा कि अंश निर्धारण खतौनी में त्रुटिपूर्ण अंश के संशोधन हेतु प्रक्रिया सारणीकरण एवं नकल में टिप्पणी अंकित किए जाए खतौनी अंश निर्धारण कार्यक्रम में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की कमी कार्य की अधिकता और अधिकारियों द्वारा शत प्रतिशत अंश निर्धारण तत्काल करने का दबाव सॉफ्टवेयर में तकनीकी खामियों के कारण काफी संख्या में सह खातेदारों के अंश त्रुटिपूर्ण हो गए हैं खतौनी में गलतियों के चलते न्यायालय में वाद बढ़ने की संभावना है और भूमि विवाद की भी घटनाएं बढ़ सकती हैं लेखपालों ने अपने बचाव में कहना शुरू कर दिया है कि शत प्रतिशत खतौनी के अंश का निर्धारण का दबाव लेखपालों पर ना बनाया जाए खतौनी में लेखपालों की गलतियों को लेकर तमाम शिकायते हो रही हैं तमाम गलतियां करने वाले लेखपालों के कारनामों पर जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन लेखपालों ने अपने बचाव के लिए उप जिलाधिकारी को पत्र देना शुरू कर दिया है।

### अधिशासी अभियंता नलकूप ने नलकूपों एवं अधिशासी अभियंता, सिंचाई ने नहरों का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में अधिशासी अभियंता, नलकूप मनोज कुमार सिंह द्वारा कुल 363 नलकूपों का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कुछ नलकूपों में पायी गई कमियों को तत्काल ठीक कराकर चालू करा दिया गया। निरीक्षण के दौरान शेष सभी नलकूप क्रियाशील पाये गये। उन्होंने नलकूप आपरेटर को विद्युत सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया इसी प्रकार जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अधिशासी अभियंता, सिंचाई खण्ड, कौशाम्बी जगदीश पाल द्वारा नहरों का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि सभी नहरें रोस्टर के अनुसार चलायी जा रहीं हैं, जहॉ कहीं पर भी किसानों द्वारा सिंचाई सम्बन्धित जो मॉगें होती हैं, उसे पूरा कराया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा लगातार नहरों की निगरानी भी की जा रहीं हैं।

संपादक की कलम से

# विश्व शांति को फिर खतरा

मध्य-पूर्व में एक बड़े युद्ध की आहट सुनाई दे रही है। इजरायल के खिलाफ ईरान ने हमले की न केवल चेतावनी दे दी है बल्कि खुद इजरायल भी इससे बचाव की तैयारियां कर रहा है। माना जा रहा है कि 12-13 अगस्त तक यह आक्रमण हो सकता है; और जैसा कि कहा जा रहा है, यह भीषण होगा। इस लड़ाई के लिये दोनों पक्षों की होती लामबन्दी से भी इसकी कल्पना की जा सकती है। अगर इसे समय रहते न रोका गया तो बड़ी तबाही की सम्भावना से इंकार नहीं किया सकता। हमास के राजनैतिक प्रमुख इस्माईल हानिया और हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फाउद शुकर की हत्या से इजरायल के विरूद्ध और ईरान का साथ देने के लिये लेबनान, यमन, सीरिया और जॉर्डन आ गये हैं। ईरान ने सीरिया से इजरायल पर ड्रोन हमले की तैयारी की है। जॉर्डन तथा लेबनान के कई आतंकी संगठन भी इस लड़ाई में ईरान का साथ देने के लिये मोर्चाबन्दी कर रहे हैं। शुक्रवार को जब हानिया को कतर की राजधानी दोहा में दफनाया गया तो कतर तथा फिलिस्तीनी संगठनों के कई बड़े नेता और कमांडर उपस्थित थे जिन्होंने इस लड़ाई को आगे बढ़ाने का मंसूबा जाहिर किया।

फिलीस्तीन समर्थक इस्लामिक देशों की एकजुटता को देखकर इजरायल ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उसने अपने नागरिकों को बचाव सम्बन्धी सभी उपाय करने हेतु आगाह किया है। नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने बम शेल्टरों को साफ रखें ताकि हमला होने की स्थिति में डेढ़ मिनटों में वे उनमें पहुंचकर खुद को सुरक्षित कर लें। उनसे पानी, खाद्य सामग्रियां, आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने को कहा गया है। साथ ही उन्हें बैटरियों वाले टॉर्च खरीदकर रखने को भी कहा गया।

ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बाघेरी ने कहा है कि पिछले 10 महीनों से इजरायल द्वारा गजा पट्टी में जो नरसंहार किया गया है और विनाश फैलाया है उसके मद्देनजर उसे रोकना अब नितांत आवश्यक हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा न हुआ तो न सिर्फ पश्चिम एशिया बल्कि विश्व की शांति खतरे में पड़ जायेगी। फाउद शुकर की मौत से नाराज हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कई मिसाइलें दागी थीं जिसे इजरायल ने हवा में ही नष्ट कर दिया था। इससे साफ है कि ईरान एवं समर्थक देशों में इजरायल के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है जिसे नजरंदाज नहीं किया जाना चाहिये। इस नाराजगी, लड़ाई की तैयारियों एवं दोनों पक्षों की लामबन्दी को देखते हुए शांति के अंतरराष्ट्रीय प्रयास किये जाने अब बेहद जरूरी हो गये हैं। समय रहते ऐसा न किया गया तो लड़ाई छिड़ जाने पर उसे बड़े विनाश एवं नरसंहार के पहले रोकना कठिन हो जायेगा। इजरायल की नाराजगी तुर्किये के प्रति भी देखने को मिली है जिसने हानिया की मौत पर अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया था। यह उसका ईरान के प्रति समर्थन का तरीका माना गया है।

हानिया की मौत के लिये इजरायल की सीक्रेट सर्विस मोसाद को जिम्मेदार माना जा रहा है जिसने प्रमुख लोगों की सुरक्षा के लिये तैनात ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के दो एजेंटों को इस काम के लिये कथित तौर पर सुपारी दी थी। इस हत्या के कारण ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजिश्कियन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें अपने ही देशवासियों के सामने शर्मिंदगी हो रही है। हालांकि हानिया की मौत के लिये जिम्मेदार मानते हुए पजिश्कियन ने दो दर्जन से ज्यादा आईआरजीसी तथा सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को गिरफ्तार कराया है। हानिया की हत्या जिस गेस्ट हाऊस में हुई थी, उसके कई अधिकारियों की भी गिरफ्तारी कर पजिश्कियन बतलाना चाह रहे हैं कि हानिया की हत्या को उन्होंने गम्भीरता से लिया है। इस लिहाज से भी उनके लिये जरूरी है कि वह इजरायल पर बड़ा आक्रमण करें क्योंकि ईरान व उसकी जनता मान कर चल रही है कि फाउद व हानिया की हत्याओं के पीछे इजरायल का ही हाथ है। वैसे खुद इजरायल फाउद की हत्या की जिम्मेदारी तो लेता है लेकिन हानिया की मौत की जिम्मेदारी को लेकर न वह इंकार करता है और न ही उसने स्वीकारा है।

# न्याय से आशा एवं अहसास जगाते चन्द्रचूड़

-ललित गर्ग-



50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डी.वाई. चंद्रचूड़ की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से जुड़ी इस स्वीकारोक्ति ने हर संवेदनशील भारतीय के मन को छुआ कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों से तंग आकर लोग बस समझौता करना चाहते हैं। ह्यन्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता हैह्व वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। ह्यन्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता हैह्व लेकिन प्रधान न्यायाधीश के अनुसार लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? दुर्भाग्य से यह प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने त्रस्त करने वाली न्याय प्रक्रिया को लेकर यह भी कहा कि यह स्थिति हम न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन यदि इस समस्या का निदान नहीं होता तो फिर एक कटु सच्चाई बताने का क्या लाभ? जस्टिस चंद्रचूड़ ने काफी सधा हुआ बयान दिया है तो न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए।

निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में जहां वे पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं वहीं अपनी बेबाक एवं सुधारमूलक टिप्पणियों से आम जनता की सराहना के पात्र बनते रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी भी चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने स्वीकारा है कि कानून की इन स्थितियों में किसी तरह का समझौता समाज में पहले से व्याप्त असमानता को ही दशार्ता है। उन्होंने वादों के शीघ्र निपटान में लोक अदालतों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। निस्संदेह, गाहे-बगाहे न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका द्वारा न्याय मिलने में होने वाली देरी को लेकर चिंता जरूर जतायी जाती है, लेकिन इस जटिल समस्या के समाधान की दिशा में बदलावकारी प्रयास होते नजर नहीं आते। जिसके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता ही रहता है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। इनमें से अनेक मामले ऐसे हैं, जो दशकों से लंबित हैं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट में दशकों पुराने कई मामले लंबित हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की इस त्रासद न्याय व्यवस्था के बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

निश्चित ही भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। न्याय त्वरित गति से होता हुआ भी दिखना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है।

न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में न्यायिक प्रक्रिया की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके। उम्मीद की जा रही है कि हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार हो सकेगा। केंद्र सरकार भी कहती रही है कि नये कानूनों का मकसद लोगों को सजा देने के बजाय न्याय दिलाने पर केंद्रित है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इन प्रयासों से मुकदमों के निस्तारण में गति आएगी। देश की जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि दशकों से लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो। जिससे न्यायिक प्रक्रिया से हताश-निराश लोग समझौता करने को बाध्य न हों। विश्वास किया जाना चाहिए कि मुख्य न्यायाधीश की चिंता के बाद न्यायिक प्रक्रिया को सरल-सुगम बनाने के लिये अभिनव पहल हो सकेगी। जिससे आम लोगों की समय पर न्याय मिलने की आस पूरी हो सकेगी। इसके अलावा यह भी आवश्यक है कि सरकारें मुकदमेबाजी से बाज आएं, क्योंकि सबसे बड़ी मुकदमेबाज तो वे खुद हैं। नये तीन कानूनों के बाद मुकदमों की सुनवाई द्रुत गति से होगी, लेकिन देखना यह है कि ऐसा हो पाता है या नहीं? प्रश्न यह भी है कि आखिर करोड़ों लंबित मामलों का क्या होगा? ये वे प्रश्न हैं, जिनके उत्तर देश की जनता को चाहिए। जनता समस्याओं का उल्लेख नहीं, बल्कि उनका समाधान चाहती है।

इससे इनकार नहीं कि अपने देश में आबादी के अनुपात में न्यायालयों और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या नहीं है और यह संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। जस्टिस चंद्रचूड़ के ताजे वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है। भारत को अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थिति और अपने गौरवपूर्ण इतिहास बोध के अनुसार एक वैकल्पिक न्याय तंत्र भी स्थापित करना चाहिए, किंतु जब तक यह नहीं होता वर्तमान व्यवस्था में ही कुछ आवश्यक सुधार करके हमें इसे समसामयिक, तीक्ष्ण, समयबद्ध और उपयोगी बनाए रखना चाहिए। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये। भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए।

**प्रेषकः-**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25, आई0पी0 एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनरू 22727486**

## जाति सरकार पूछेगी : अपमानित करने वाले तो सदियों से पूछ रहे हैं!

**शकील अख्तर**

राहुल इसी के खिलाफ लड़ रहे हैं और उनकी इस बड़ी लड़ाई से ध्यान हटाने के लिए ही उन पर ही हमला किया जा रहा है। अभी हमले और बढ़ाए जाएंगे। मगर एक बात वह नहीं समझ रहे कि जो आदमी बीस साल के लगातार हमलों के बाद भी आज डटा हुआ हो क्या वह अपने ऊपर होने वाले किसी हमले के डर से चुप बैठ जाएगा। वह कोई आडवानी, उमा भारती, तोगड़िया, मुरली मनोहर जोशी, विनय कटियार हैं कि डराओगे तो डर जाएगा।

जाति क्यों नहीं पूछ सकते? शादी में जाति सम्मेलनों में बिल्कुल पूछ सकते हैं। वंशावली भी मांग सकते हैं। लेकिन बस में, ट्रेन में संसद में बिल्कुल नहीं पूछ सकते।

सरकार अगर मानती है कि जाति के आधार पर अन्याय हुआ है तो वह जाति पूछ सकती है। यह मालूम करने के लिए किस-किस के साथ अन्याय हुआ है कब से हो रहा है और अब उसे क्या सुविधाएं देकर दूसरों के बराबर लाया जा सकता है?

बिहार में ऐसा अभी पिछले साल ही किया गया। भाजपा सहित सभी दलों की मंजूरी के बाद। मगर उसी बिहार में व्यक्तिगत हैसियत से किसी से कह के देख लीजिए कि 'जिनकी जात का पता नहींज! आपको मालूम पड़ जाएगा कि इस गाली का क्या मतलब होता है! अनुराग ठाकुर वहां किसी दलित टोले, पासवान टोले, कुर्मी टोले, यादव टोले, मांझी केवट टोले कहीं भी किसी गांव में जरा कह के देखें जिसकी जात का पता नहीं! भाजपा के नेता, मीडिया, भक्त सब बड़ी मासूमियत से कह रहे हैं कि राहुल जब सबकी जाति मालूम करने की बात कर रहे हैं तो उनकी पूछने में क्या हर्ज है? बिल्कुल नहीं! एकदम कोई हर्ज नहीं! अभी संसद का सत्र चल रहा है। सोमवार को ही प्रधानमंत्री सदन में घोषणा कर दें। जाति गणना होगी। और सरकारी कर्मचारी को भेज दें राहुल के यहां। वे जाति गणना का फार्म भरेंगे। मांगी हुई जानकारी देंगे साथ ही जनगणना भी करवा लें। विवाहित, अविवाहित, परितक्यत, शिक्षा सब जानकारी देंगे। मगर आप गाली नहीं दे सकते। किसी को भी नहीं। जरा गांव में पूछिए जाकर। जिसकी जात का पता नहीं उसका मतलब क्या है? उसका मतलब है जिसकी कोई औकात नहीं!

गांव में यह गाली की तरह इस्तेमाल होता है कि जिसकी जात का पता नहीं वह हमसे बात कर रहा है। मतलब हमसे बात करने का हक कुल गौत्र वाले को ही है। जात का पता नहीं बाप का पता नहीं यह कमजोर को दी जाने वाली देश की सबसे पुरानी और बड़ी गाली हैं। अपमानित करने के उद्देश्य से, श्रेष्ठता भाव से, अहंकार से दी जाती है।

मगर जो पूरी तरह डि कास्ट (जातीय श्रेष्ठता बोध से मुक्त) हो चुका हो वह इसके जवाब में क्या कहता है? वह कहता है मुझे मालूम है जो भी इस देश में गरीब कमजोर दलित पिछड़े आदिवासी की बात करेगा उसे गालियां खाना पड़ेंगी। और मैं अपने कमजोर भाइयों के लिए खुशी से यह गालियां खाने को तैयार हूं। राहुल ने बहुत सही कहा। और यहां याद आ गया तो एक बात और बता दें। हम 2004 से जब राहुल पहला चुनाव लड़ने अमेठी गए थे तब से उन्हें लगातार कवर कर रहे हैं। उससे पहले भी कभी-कभी कुछ लिखा।

## आरक्षण में उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में छिपा संभावित राजनीतिक मोड़

**– डॉ. ज्ञान पाठक**

भारत को आने वाले महीनों में एक नये सामाजिक-राजनीतिक मोड़ की उम्मीद करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों को नयी रोशनी में संबोधित करने की आवश्यकता होगी, जिससे जमीनी स्तर पर भी एक नया सामाजिक-राजनीतिक गठबंधन शुरू हो सकता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 7-न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए समग्र कोटे के भीतर उप-कोटा की अनुमति देने वाले फैसले में भारतीय राजनीति को एक नयी दिशा में मोड़ने की क्षमता है, क्योंकि यह देश के लिए एक नयी संरचित (स्ट्रक्चर्ड) आरक्षण नीति का मार्ग प्रशस्त करता है, न केवल एससी के लिए, बल्कि अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए भी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 6:1 के बहुमत से माना कि राज्य सेवाओं में नियुक्तियों में कुछ अनुसूचित जातियों का 'अपर्याप्त प्रतिनिधित्वज अनुसूचित जाति के भीतर 'पिछड़ापन' साबित करने का एक प्रमुख संकेतक है। एससी के भीतर एक विशिष्ट उप-वर्गीकृत समूह के लिए आरक्षण देने के लिए राज्यों को एससी के भीतर सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना आवश्यक है।

छह न्यायाधीशों ने उप-वर्गीकरण को बरकरार रखा, जिसमें न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने असहमति जताई, जो इस मुद्दे की जटिलता का संकेत है जो फैसले को लागू करते समय कई ज्ञात और अज्ञात कारकों को सामने ला सकता है। फैसला तब आया है जब अदालत ने दो प्रमुख मुद्दों की जांच की, पहला-क्या इन्दर साहनी मुकदमे में दिये गये फैसले के तहत राज्य के लिए सापेक्ष पिछड़ापन साबित करना जरूरी नहीं है, और दूसरा,क्या अनुसूचित जातियों के साथ पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व की अपर्याप्तता को साबित करना आवश्यक है?

इस फैसले का आम तौर पर स्वागत किया गया है क्योंकि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि एसटी, एससी या ओबीसी के एक बड़े समूह में कुछ जातियां हैं जो अन्य की तुलना में अधिक पिछड़ी हैं। हम पहले से ही 'क्रीमीलेयर' मुद्दे से परिचित हैं, यह एक ऐसा शब्द है जो आरक्षण का आनंद लेने वाले समूहों के अपेक्षाकृत समृद्ध और बेहतर शिक्षित सदस्यों को संदर्भित करता है। हालांकि, क्रीमीलेयर की अवधारणा वर्तमान में ओबीसी के लिए लागू है, जिन्हें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लाभ से बाहर रखा गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आरक्षण का लाभ ओबीसी के वास्तव में वंचित वर्गों को मिले। 8 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों को क्रीमीलेयर का हिस्सा माना जाता है। इस आय सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जाता है। ग्रुप ए और ग्रुप बी सेवाओं में उच्च रैंकिंग वाले अधिकारियों के बच्चों को भी 'क्रीमीलेयर' उम्मीदवार माना जाता है और इसलिए उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाता है। इसके अतिरिक्त, डॉक्टर, इंजीनियर और वकील जैसे पेशेवरों के बच्चे जिनकी आय और स्थिति अच्छी है, तथा जिनके परिवार निश्चित सीमा से अधिक कृषि भूमि के मालिक हैं, उन्हें भी क्रीमीलेयर में शामिल किया गया है और बाहर रखा गया है। वर्तमान संविधान पीठ के 7 में से 4 न्यायाधीशों ने मौजूदा फैसले में एससी और एसटी के बीच 'क्रीमीलेयर' को बाहर रखने की वकालत की। इसका मतलब है कि फैसले का असर वर्तमान में आरक्षण का लाभ उठा रहे सभी समूहों पर पड़ेगा। इस फैसले ने समूह में अन्य जातियों की तुलना में 'अधिक पिछड़ेपन' के आधार पर वगीर्कृत एससी, एसटी और ओबीसी के भीतर उप-वर्गीकरण का द्वार खोल दिया है। सरकार को उप-वर्गीकरण के लिए केवल 'अपर्याप्त प्रतिनिधित्व' के आधार पर इसे साबित करना होगा।

## उमंग व उल्लास का पर्व है तीज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

श्रावण में वर्षात के मौसम में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।



वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं।

श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है।

समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं।

तीज पर मेहंदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है।

हाथों में रची मेंहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्धारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है।

तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। जिसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़किया गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थी। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़किया एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी,तालाब, जोहड़ में बहा देती थी। जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था।

अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्धारा सुंदर वस्त्र धारण किये जाते है तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वालि स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फोहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है।

## 25 स्कूलों के शिक्षकों का हुआ प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउडेशन ने चयनित प्रजायत्न संस्था के ईएलएमएस के छलांग कार्यक्रम में पहाडी ब्लाक के 25 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों के दूसरे चरण का प्रशिक्षण संकुल भवन चकौंध में हुआ।

सोमवार को शिक्षक संकुल चकौंध की हीरालाल ने सरस्वती वंदना कर माल्यार्पण किया। चेतना गीत बाद पिछले प्रशिक्षण की समीक्षा हुई। शिक्षकों ने अनुभव को चार्ट पेपर से साझा किया। शिक्षकों का असेस्मेंट परीक्षण हुआ। बीएमआई, पुस-अप, पार्शियल कर्लअप, सिट एंड रीच किया। इसके बाद खेल गतिविधियों के सिद्धांत बताये। खासतौर से पीई 40 मिनट सत्रों के संचालन पर चर्चा हुई। चर्चा के साथ सत्र चलाने को फील्ड में ले जाकर डोज हैंड बाल व जीरो काटा गतिविधि शिक्षकों से करायी। अंत में सभी से अनुभव पूंछे। प्रशिक्षण में प्रजायत्न संस्था से अमित, सूर्यकांत, अनुज, प्रेमचन्द्र, नीलू ने पहले दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न कराया।

## भागवत कथा सुनने से मृत्यु होती मंगलमय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य ने कहा कि मृत्यु मंगलमय बनाने को भागवत कथा सुनना चाहिये। मित्रता पर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता व राजा परीक्षित मोक्ष, शुकदेव पूजन की कथा सुनाई।

सोमवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में जारी श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य बदरी प्रपन्नाचार्य ने कहा कि व्यक्ति चरित्र व व्यक्तित्व से महान बनता है। संसार में व्यक्ति की नहीं, व्यक्तित्व व चरित्र की पूजा होती है। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन कर कहा कि जीव जब परमात्मा से सब कुछ छोड़कर मिलने जाता है तो प्रभु अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं। सुदामा के निश्छल भाव प्रभु ने पहचाना और मित्रता निभाने का संसार को संदेश दिया। राजा परीक्षित को ज्ञान यज्ञ कथा सुनाकर शुकदेव जी ने विदाई ली। उन्होंने कहा कि वेद वही पढ़ सकता है, जिसके शिखा है। भागवत तो सभी कोई पढ़ सकता है। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, राष्ट्रीय रामायण मेला कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, राजाबाबू पांडेय, शिवमंगल शास्त्री, पवन करवरिया आदि श्रोता मौजूद रहे।

## मारकुंडी रेंज कार्यालय के पास सड़क धंसी



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** इंटवा-डुडैला मार्ग के बीच मारकुंडी वन परिक्षेत्र-1 के पास पुल पर सड़क धंस गई है। पुल पर सड़क के बीचोंबीच गहरा गड्ढा हो गया है। रविवार को बारिश बाद हुए गड्ढे से कई लोग चोटहिल हो गये। रातभर गड्ढे में लोग धोखा खाते रहे। सडक में हादसे की सम्भावना बनी है। पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही होने से कोई बडा हादसा हो सकता है। रविवार की शाम पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों को सड़क टूटने की सूचना दी गई। सूचना के बाद भी अभी तक कोई सुधार नहीं किया। बीच सडक पर खुले पडे गड्ढे से कोई बडा हादसा हो सकता है। गड्ढे को बैरिकेड भी नहीं किया। इससे लोग धोखे से गड्ढे में गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो सकते हैं। बडा हादसा भी हो सकता है।

## ननिहाल से लड़की को भगाने पर पांच साल की कैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ननिहाल गई लडकी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को पांच वर्ष की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

सोमवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि मऊ तहसील के एक गांव के व्यक्ति ने 26 जुलाई 2020 को मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि 15 वर्षीय बेटी ननिहाल गई थी। खंडेहा गांव के अर्जुनपुर का मोहित पटेल पुत्र दुखी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। दूसरे दिन जानकारी मिलने पर सिद्धपुर बनाडी से बेटी को घर ले आया। कुछ दिन बाद 21 जुलाई 2020 को मोहित पटेल फिर से रिश्तेदारों के सहयोग से बेटी को बोलेरो से भगा ले गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्जकर लड़की को बरामद कर बयान दर्ज कराये थे। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद सोमवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोष सिद्ध होने पर मऊ थाना के खंडेहा गांव के अर्जुनपुर के मोहित सिंह पटेल को पांच वर्ष की सजा समेत पांच हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

## मत्स्यगयेन्द्रनाथ जलाभिषेक को लगती एक किमी लम्बी लाइन , उमडा जन सैलाब



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन माह के तीसरे सोमवार को भगवान श्रीराम तपस्थली चित्रकूट पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा। मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में लाखों भक्तों ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर देवाधि देव महादेव का जलाभिषेक किया। सोमवार को मंदिर के पुजारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि यहां चार शिवलिंग स्थापित हैं। मान्यता है कि स्वयं ब्रह्मा जी ने सृष्टि संचार से पहले इन शिवलिंगों की स्थापना की थी। दर्शन करने से भक्तों की सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं। पुजारी ने बताया कि भगवान राम के वनवास काल दौरान चित्रकूट पहुंचने पर राजा मत्स्यगयेन्द्रनाथ ने उन्हें रुकने की अनुमति दी थी। जब औरंगजेब ने हिंदू मंदिरों को तोड़ा तो वह चित्रकूट के मंदिर से परास्त हुआ था। फिर यहीं एक मंदिर का निर्माण कराया था। सोमवार को मंदिर परिसर में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक को पहुंचे। ये इलाका उप्र-मप्र सीमा पर है। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। 20 पुलिस कर्मी मंदिर परिसर में ड्यूटी में तैनात हैं। मंदिर में प्रवेश को एक किमी लंबी लाइन लगती है। हर श्रद्धालु को नहलाने में पचास मिनट का समय लगता है।

# 13 से 15 तक हर घर में फहरेगा तिरंगा: डीएम

## डीएम ने तिरंगा फहराने की बनाई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान बाबत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान 2022-2023 का भव्य क्रियान्वयन हुआ है। पुनः इस वर्ष 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। पिछले वर्ष की भांति हर घर तिरंगा अभियान को झंडों की आपूर्ति राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से कराई जायेगी। 7-8 अगस्त को सभी ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत सरोवरों व अमृत वाटिकाओं आदि पर स्वच्छता अभियान चलेगा। कार्यक्रम का व्यापक ढंग से जन सहभागिता से प्रचार होगा। सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि पिछले वर्ष जिले में दो लाख 40 हजार विभिन्न विभागों को शासन ने हर घर तिरंगा लक्ष्य दिया था। इस वर्ष लक्ष्य अभी नहीं मिला। गत वर्ष के लक्ष्य मानते हुए डीसी एनआरएलएम से तैयारी कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिये कि



स्वयं सहायता समूहों से तिरंगा झंडा तैयार करायें। विभागों से संपर्क कर लक्ष्य अनुसार व्यवस्था करें। इस वर्ष लक्ष्य बढ़ता है तो उसके अनुसार व्यवस्था करायें। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से कहा कि प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाने अनुसार स्वयं सहायता समूहों से खरीदें, ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिल सके। सभी शासकीय भवनों पर 13, 14 व 15 अगस्त को लाइटिंग, सजावट कराना है। डीपीआरओ व अधिशासी अधिकारी सभी जगह साफ-सफाई अच्छे ढंग से करायेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम करायेंगे। हर घर तिरंगा के तहत कार्यक्रम होंगे। संबंधित वेबसाइट पर अपलोड भी कराना है। भारत सरकार के प्रोटोकॉल अनुसार सभी विभाग के अधिकारी तिरंगा फहरायें, कोई भूल नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने डीसी एनआरएलएम से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बैंक, खनिज, उद्योग, आईटीआई, पर्यटन, जल निगम का लक्ष्य और बढ़ायें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिये कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हर घर तिरंगा व्यवस्था करायें।

बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, बीएसए बीके शर्मा, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार समेत व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, गुलाबचंद गुप्ता, ऋषि आर्या आदि मौजूद रहे।

# हादसों में मरने वाले किसानों को तत्काल दें लाभ

## डीएम ने बैठक कर एडीएम को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लंबित दावों के निस्तारण बाबत बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सभी तहसीलों के 36 आवेदन लंबित है। कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु होने पर किसान के नाम जमीन होना चाहिए या फिर किसी किसान का बटाईदार हो। वह किसान लिखकर दे- तभी पात्रता मानी जाती है। सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की




अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने एडीएम से कहा कि सड़क दुर्घटना, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, ठंड, हीटवेब, विद्युत लाइन आदि हादसों में जिनकी मृत्यु हुई है, उनके आवेदनों की जांच कराकर लाभ दिलायें। जो मामले आज निस्तारित हुए हैं, उन पीड़ितों को लाभान्वित करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि जो आवेदन हैं, अच्छे से परीक्षण करकर लम्बित पत्रावली में जांच आख्या लगाकर पेश करें, ताकि पीड़ितों को लाभ दिलाया जा सके। एसीएमओ को निर्देश दिये कि पीएम रिपोर्ट साफ होनी चाहिए। जिनकी विद्युत हादसे में मृत्यु होती है, उसमें भी पीएम रिपोर्ट साफ लिखी जाये। जिन मामलों में रिपोर्ट दोबारा भेजने के आवेदन हैं, उन्हें निस्तारित कर तत्काल भेजें, ताकि लाभ दिलाया जा सके। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज कुमार वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।

# स्मार्टफोन देकर छात्रों को हाईटेक कर रही योगी सरकार: आरके सिंह पटेल

## आरके सिंह हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रगौली में टैबलेट वितरण समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत आरके सिंह हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रगौली में हुए समारोह में एएनएम व जीएनएम के 183 छात्र-छात्राओं को पूर्व कैबिनेट मंत्री/पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने टैबलेट व स्मार्टफोन बांटे। पूर्व सांसद पटेल ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को टैबलेट व स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट व हाईटेक बनाकर सशक्त-आत्मनिर्भर बनाने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। युवाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर भविष्य को संवार




माता-पिता के सपनों को साकार करना चाहिए। सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी का सपना है कि प्रदेश का युवा समग्र रूप में सक्षम हो। तकनीकी युग में प्रदेश में बांटे जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट से युवा पढ़ाई व रोजगार को बढ़ाने में सफल होंगे। आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभदायी है। स्मार्टफोन का प्रयोग अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। इस मौके पर प्रियंका देवी, राहुल कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह, वर्षा सिंह, प्रतिभा सिंह, प्रीती देवी, रचना देवी, रोशनी देवी, रंजना देवी, कुसुम कली निषाद, कमला देवी, काजल पांडेय आदि 183 छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटे गये।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रवि प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, प्रधानाचार्य डा खेमचंद्र, पार्वती यादव, अनुष्का गुप्ता, शिवानी रैकवार, वीरेंद्र सिंह, पूनम पटेल, प्रिया पटेल, महेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह आदि विद्यालय के शिक्षकों समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लाखों के जेवर-नकदी चुरा ले गये चोर

## बक्सा फेंका पडोसी के खेत में

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** दीवार तोड़कर पचास हजार नकदी समेत लाखों के सोने-चांदी के जेवर अज्ञात चोर चुरा ले गये। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर चोरों के जल्द पकडने का दावा किया।

ये घटना पहाड़ी थाने के कलवारा खुर्द गांव के मजरा तरकहा पुरवा में रविवार की रात हुई। बताया गया कि अज्ञात चोर प्रजापति परिवार के घर के पीछे की दीवार तोड़कर लाखों रुपये के जेवर-नकदी चुरा ले गये। पीड़ित राजकुमार पुत्र स्व भोला प्रजापति ने थाने में दी सूचना में कहा कि बीती रात परिजन रोज की भांति भोजन कर पुत्र अवधेश कुमार व मां रज्जी के साथ घर के बाहर व पत्नी शकुंतला तथा पुत्री सुधा घर के अंदर सो रहे थे। सवेरे शकुंतला सोकर उठी तो देखा कि घर के पिछले हिस्से की दीवार टूटी है। पति राजकुमार प्रजापति को बताया व घर के अंदर रखे बक्सा देखे तो बक्सा गायब मिला। पीड़ित ने



बताया कि बक्से में पचास हजार रुपए नकद व खुद के एक लाख के जेवर रखे थे। मई माह में पुत्री सुधा की शादी हुई थी। जो इस समय मायके में है। उसके भी लाखों के जेवर चोर ले गये। बक्सा राजेश पुत्र किशोरीलाल के खेत में फेंक गये। सवेरे राजेश धान की बेड लगाने खेत गया तो बक्सा व कपड़े देख थाने में सूचना दी। पीड़ित राजकुमार के फोन से घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह व दरोगा मनीष कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। मौका मुआयना कर डाग स्क्वायड टीम से पैरों के निशान से पता लगाने का प्रयास किया। फॉरेंसिक टीम प्रभारी दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। साक्ष्य संकलित किया। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने दरोगा मनीष कुमार व हल्का प्रभारी को चोरी की घटना का खुलासा करने के निर्देश दिये। दावा किया कि जल्द चोरी का खुलासा होगा।

## एक किलो चार सौ ग्राम गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा रामकुमार ने कमल निषाद पुत्र राजकुमार निषाद बहादुरपुर के कब्जे से एक किलो चार सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रामकुमार, सिपाही अखिलेश तोमर शामिल रहे।

## श्रीजी के छात्र इसरो में करेंगे अनुसंधान




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण दल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) बेंगलुरू रवाना हुआ।

सोमवार को स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि आठ अगस्त को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में छात्रों में विज्ञान, अनुसंधान, तकनीकी, प्रौद्योगिकी के प्रति अभिरुचि बढ़ाने व जिज्ञासा के समाधान को विद्यालय के चयनित छात्र श्रेयस द्विवेदी, ओंकार सिंह, आदित्य अग्रहरि, नैतिक सिंह, अर्जित जैन आदि शिक्षक जेपी मिश्र की अगुवाई में इसरो में हिस्सा लेंगे। विद्यालय प्रबंधक स्वप्निल अग्रवाल व निदेशक अजय अग्रवाल ने खुशी जाहिर कर कहा कि ऐसे आयोजन से विज्ञान व प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिलेगा। छात्रों में सीखने-समझने व सोचने की क्षमता विकसित होगी। सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों के दल को रवाना किया।

## रामनगर ब्लाक के रगौली में बारिश में सडकें हो जाती हैं दलदल



**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के रगौली गांव में बरसात के दिनों में सड़कें दलदल में बदल जाती हैं। ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतें होती हैं। इसे लेकर समाजसेवियों ने मऊ-मानिकपुर विधायक को सौंपे पत्र में सड़क बनवाने की मांग की है।

सोमवार को आजादी के 77 वर्ष बीतने के बाद महात्मा गांधी के ग्रामोत्थान के सपनों को सरकार साकार नहीं कर सकी। रगौली के समाजसेवी सुनील पाण्डेय, राकेश द्विवेदी, अन्नू मिश्रा, अंशुमान पाण्डेय ने बताया कि गांव की कच्ची गलियां व सड़क बरसात में दलदल में बदल जाती है। लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतें होती हैं। बारिश के समय प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। बरसात के समय शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। समाजसेवियों ने मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी को सौंपे पत्र में मांग किया कि लालमन केवट के घर से पंचायत सचिवालय तक व शम्भूदयाल मिश्रा के घर से ओमप्रकाश मिश्रा के घर तक कई वर्षों पहले सीसी रोड़ बनी थी। जो आज जर्जर होकर टूट गई है। लालमन केवट के घर से ग्राम पंचायत सचिवालय तक की रोड दलदल है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय से यमुना जी घाट तक चकरोड बारिश में दलदल में तब्दील है। शमशान घाट तक शव लेकर आने-जाने में भारी दिक्कतें होती हैं। यमुना तट के पास देवी का सिद्ध आश्रम तक जाने में परेशानी होने से जप-तप, पूजापाठ, अर्चना व देवी-दर्शन से श्रद्धालु वंचित हो रहे हैं। समस्या निदान को मऊ/मानिकपुर विधायक ने निधि से सड़के बनवाने का भरोसा दिया।

## दबंग आम रास्ते पर कर रहा अवैध निर्माण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में ग्रामीणों ने आम रास्ते पर अवैध निर्माण रोकने की मांग जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवैध निर्माण तत्काल हटवाने की मांग की है। सोमवार को खजुरिहाकला थाना रैपुरा के अनुसूचित जाति के ग्रामीण भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में कलेक्टेज्ट आये। कहा कि कई पीढियों से घर बनाकर रह रहे हैं। जहां आम रास्ता चलता है, वहां ज्यादातर अनुसूचित जाति के लोगों का आवागमन है। गांव के दबंग ओमप्रकाश पुत्र मुन्नी सिंह जबरन अवैध पक्का मकान बना रहे हैं। विरोध पर उन्हें जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली-गलौज करते हैं। गांव का कोई व्यक्ति मुखर होकर कुछ कहने की हिम्मत नही कर रहा। ओमप्रकाश दबंग किस्म का व्यक्ति है। वे गरीब मजदूर हैं। इसका बेजा लाभ उठाकर आम रास्ते पर अवैध कब्जा कर रहा है।

## बांग्लादेश के मौजूदा हालातों पर नेपाल की एडवाइजरी, छात्रों को सुरक्षित स्थान पर रहने की हिदायत

**काठमांडू।** बांग्लादेश के मौजूदा हालातों के बीच नेपाल सरकार ने वहां रह रहे नेपाली छात्रों को सुरक्षित स्थान पर रहने की हिदायत दी है। राजधानी ढाका स्थित नेपाली दूतावास ने भी वहां के सभी नेपालियों से अपने निवास स्थान पर सुरक्षित रहने और अत्यावश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है।

बांग्लादेश में जारी प्रदर्शन और हिंसा के बाद देशभर अनिश्चितकालीन कर्फ्यू का आदेश जारी होने के बाद ढाका स्थित नेपाली दूतावास ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर सभी नेपाली छात्रों और नागरिकों से अपने निवास स्थान पर सुरक्षित रहने और अत्यावश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है। दूतावास की तरफ से यह भी बताया गया है कि अधिकतर नेपाली छात्र वैसे तो वापस जा चुके हैं। इस समय करीब 400 छात्र बांग्लादेश में रह रहे हैं, जो दूतावास के संपर्क में हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि नेपाल लौटने के इच्छुक छात्र दूतावास को जानकारी दे सकते हैं।

बांग्लादेश में कोटा विरोधी आंदोलन इस बार प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मुड़ गया है और वहां इस समय हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद वहां की सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि, कर्फ्यू आदेश के बावजूद हिंसक घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं।बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर 2:30 बजे एक सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बंगभवन से उड़ान भरी है। उनके साथ उनकी छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं।

## बांग्लादेश में बवाल, 98 की मौत, बेमियादी कर्फ्यू लगाया गया



**ढाका।** बांग्लादेश के अमन पसंद नागरिकों की सोमवार सुबह नींद कर्फ्यू के साये में टूटी। सरकार ने मोबाइल इंटरनेट सेवा भी बंद करा दी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ आवामी लीग के समर्थकों के बीच कल हुई भीषण झड़पों में जमकर खून बहा।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र 'प्रोथोम अलो' ने आज (सोमवार) सुबह अपनी वेबसाइट पर अपडेट की गई खबर में असहयोग कार्यक्रम के दौरान देशभर में हुई झड़पों, गोलीबारी और जवाबी हमलों में 98 लोगों के मरने की पुष्टि की है।

बांग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर हुए बवाल हो रहा है। बवाल की शुरूआत कल दिन में स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले आहूत असहयोग कार्यक्रम के दौरान हुई। अवामी लीग, छात्र लीग और जुबो लीग के कार्यकताओं ने असहयोग कार्यक्रम में शामिल प्रदर्शनकारियों का विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। खूनखराबा होने के बाद सरकार ने शाम को सारे देश में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया।

## सिडबी के अध्यक्ष मनोज मित्तल ने वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सोमवार को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज मित्तल ने यहां संसद भवन में मुलाकात की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज मित्तल ने यहां संसद भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) 2 अप्रैल, 1990 को भारतीय संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित किया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के प्रचार, वित्त पोषण और विकास के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करता है।

## गाजा के स्कूलों पर इजरायली हमलों की ईरान ने की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने गाजा शहर में अल-नस्त्र और हसन सलामा के स्कूलों पर इजरायल के घातक हवाई हमलों की निंदा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कनानी ने कहा, इस हमले में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह इजरायल का "नया युद्ध अपराध" है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचे एड्राई ने एक बयान में कहा कि इजरायली युद्धक विमानों ने हमास कमांड और नियंत्रण परिसरों के अंदर सक्रिय आतंकवादियों पर हमला किया है, ये लोग स्कूलों के अंदर छिपे हुए थे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## शेख हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना ने बांग्लादेश छोड़ा, सेना मुख्यालय में हलचल तेज





**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच सोमवार दोपहर 2:30 बजे एक सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बंगभवन से उड़ान भरी है। उनके साथ उनकी छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं। सूत्रों ने बताया कि वे हेलीकॉप्टर से भारत के पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुई हैं। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रोथोम अलो ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बांग्लादेश में इसे तख्ता पलट के रूप में देखा जा रहा है। बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जारी हिंसक प्रदर्शन के चलते चारों तरफ अराजकता का माहौल बना हुआ है। यह भी बताया जा रहा है किचारों तरफ प्रदर्शन, आगजनी, हिंसा और कर्फ्यू के चलते सेना ने शेख हसीना को देश छोड़ने की सलाह ती। सूत्रों के अनुसार कि शेख हसीना देश छोड़ने से पहले अपना भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं। पर उन्हें वह मौका नहीं मिला। इसी के साथ बांग्लादेश के सेना मुख्यालय में हलचल तेज हो गई है। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान इस समय बैठक कर रहे हैं। बैठक में जातीय पार्टी के वरिष्ठ सह अध्यक्ष अनीसुल इस्लाम महमूद और पार्टी के महासचिव मुजीबुल हक चुन्नू को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में ढाका विश्वविद्यालय के कानून विभाग के प्रो. आसिफ नजरूल को भी आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश सरकार ने प्रदर्शनकारियों के आम जनता से लॉन्ग मार्च टू ढाका में हिस्सा लेने का आह्वान करने के बाद इंटरनेट को पूरी तरह बंद करने का सोमवार को आदेश दिया। इससे एक दिन पहले बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हुई झड़प में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## बांग्लादेश सेनाध्यक्ष ने कहा- अंतरिम सरकार बनेगी, हजारों प्रदर्शनकारी पीएम हाउस में घुसे



**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच आज प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद पहली बार सेनाध्यक्ष जनरल वकार-उज-जमान ने देश के नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद ऐलान किया कि अब अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा, सेना पर भरोसा रखें। इस बीच बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री आवास में दाखिल हो गए हैं।

बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गईं हैं। देश में शांति व्यवस्था बनाए रखें। आइए मिलकर काम करें। लड़ने से कुछ नहीं मिलेगा। हमने मिलकर बांग्लादेश को एक खूबसूरत देश बनाया है। सेनाध्यक्ष जमान ने कहा कि हमने सभी राजनीतिक दलों के साथ सार्थक चर्चा के बाद अंतरिम सरकार बनाने का फैसला लिया है।

हम स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात करेंगे। उन्होंने विरोध के नाम पर सभी से हिंसा को रोकने का आह्वान किया और वादा किया कि नई सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। इस बीच ढाका विश्वविद्यालय के कानून विभाग के प्रोफेसर आसिफ नजरूल ने बयान जारी कर छात्रों से विरोध प्रदर्शन बंद करने का अनुरोध किया है।आंदोलनकारी राजधानी के धानमंडी स्थित गृहमंत्री असदुज्जमां खान कमाल के आवास पर हमला कर रहे हैं। दोपहर करीब 3:30 बजे हजारों प्रदर्शनकारी गेट तोड़कर गृहमंत्री के घर में घुस गए। घर से धुआं निकलता भी दिख रहा है। अंदर तोड़फोड़ की गई है।

## दुर्घटनाग्रस्त सौर्य एयरलाइंस के विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए सिंगापुर भेजा गया



**काठमांडू।** त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर 24 जुलाई को दुर्घटनाग्रस्त हुए सौर्य एयरलाइंस के विमान का ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए सिंगापुर भेजा गया है। ब्लैक बॉक्स की रिपोर्ट आने के बाद ही दुर्घटना के कारणों का पता लग पाएगा।

नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक प्रदीप अधिकारी ने बताया कि जांच समिति के अध्यक्ष रतीश चन्द लाल स्वयं ब्लैक बॉक्स लेकर सिंगापुर गए हैं।ब्लैक बॉक्स में मौजूद वाइस रिकॉर्डर को डिकोड करने के बाद विमान दुर्घटना के पीछे की तकनीकी खामियों का पता चलने की उम्मीद की जा रही है। पायलट और एटीसी के बीच हुए संवाद और दोनों पायलटों के बीच हुए संवाद से भी दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सकता है।

काठमांडू से पोखरा के लिए 24 जुलाई को सौर्य एयरलाइंस का विमान 9 अएट उड़ान भरने के कुछ सेकेंड के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस विमान में सवार 19 में से 18 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। इस दुर्घटना में एकमात्र जीवित व्यक्ति विमान का पायलट था। यह विमान पोखरा में नियमित जांच के लिए ले जाया जा रहा था, जिसके कारण विमान में एयरलाइंस कंपनी के तकनीकी कर्मचारी, मेंटेनेंस स्टाफ, सेफ्टी स्टाफ और ग्राउंड स्टाफ मौजूद थे।

## प्रदर्शनकारियों ने ढाका में शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा तोड़ी

**नई दिल्ली।** शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर भागने की खबर के बाद छात्रों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 'गणबंधन' पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका में बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति और शेख हसीना के पिता शेक्ष मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को भी तोड़ दिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ढाका की सड़कों पर करीब चार लाख प्रदर्शनकारी हैं। इससे पहले राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने घोषणा की कि शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और देश को चलाने के लिए जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा।

जनरल वाकर-उज-जमान ने नागरिकों से बांग्लादेश की सेना पर भरोसा बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि सुरक्षा बल आने वाले दिनों में देश में शांति सुनिश्चित करेंगे।

## ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, अमेरिका ने अपने नागरिकों से फौरन लेबनान छोड़ने को कहा, निलंबित की इजराइल के लिए फ्लाइट



**वाशिंगटन।** अब तक हमास के आतंकवादियों से लोहा ले रहे इजराइल को अब कुख्यात आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह से आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। मध्य पूर्व में गहराते संकट और व्यापक संघर्ष की आशंका के बीच कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने इजराइल से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं। ईरान, लेबनान और हिजबुल्लाह के प्रतिशोध को देखते हुए इजराइल के लिए फ्लाइट निलंबित करने वाले ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस और अमेरिका ने एक और कठोर निर्णय लिया है। इन देशों ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आग्रह किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह कदम इस सप्ताह की शुरूआत में बेरूत में एक वरिष्ठ हिज्बुल्लाह कमांडर और तेहरान में हमास के राजनीतिक नेता की हत्याओं के बाद उठाया गया। एक इजराइली अधिकारी का कहना है कि हजारों इजराइली नागरिक घर आने में असमर्थ हैं। इस बीच इजराइल और हिजबुल्लाह ने कल एक-दूसरे के क्षेत्र में लक्षित गोलीबारी की है। गाजा में फिलिस्तीनी आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी और फिलिस्तीनी समाचार आउटलेट के अनुसार, गाजा शहर में आश्रय के रूप में काम कर रहे एक स्कूल पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा के एक प्रवक्ता ने कहा है कि पीड़ितों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। पिछले चार दिनों में किसी स्कूल पर यह तीसरा हमला है। इजराइल ने कहा कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्रों को निशाना बनाया है। अखबार का कहना है कि हमास के खिलाफ इजराइल का गाजा पट्टी में अब तक का सबसे घातक युद्ध है। हमास अब गाजा और उसके बाहर नए लड़ाकों की भर्ती कर रहा है।

## बांग्लादेश में हिंसा के बीच भारत ने अपने नागरिकों को जारी किया परामर्श, भारतीय उच्चायोग के संपर्क में रहें



**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश में भारी हिंसा, विरोध-प्रदर्शन के बीच भारत ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। ढाका स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को एक परामर्श जारी कर बांग्लादेश में मौजूद भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने के साथ संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक बांग्लादेश की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है। बांग्लादेश में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अपनी आवाजाही सीमित रखने और ढाका में भारतीय उच्चायोग के आपातकालीन फोन नंबर 8801958383679, 8801958383680, 8801937400591 के जरिए संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

वहीं बांग्लादेश के सिलहट में ताजा हिंसा के बीच भारतीय सहायक उच्चायोग (एएचसीआई) ने एक्स पोस्ट में कहा, "भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र सिलहट में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से इस कार्यालय के संपर्क में रहने का अनुरोध किया जाता है और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।" आपात स्थिति के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी साझा किया गया।

एएचसीआई सिलहट में भारत सरकार का एक प्रतिनिधि कार्यालय है। जो अपने कांसुलर क्षेत्राधिकार (सिलहट, मौलवीबाजार, सुनामगंज, हबीगंज, किशोरगंज और नेटोरोकोना जिलों) में वीजा जारी करने और भारतीय नागरिकों के कल्याण और द्विपक्षीय व्यापार के लिए जिम्मेदार है।एएचसीआई भारतीय उच्चायोग, ढाका की सामान्य देखरेख में कार्य करता है।

## भारत ने नेपाल में 669 मेगावाट हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए 5 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए




**काठमांडू।** भारत सरकार ने नेपाल के लोअर अरुण हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए सतलज जल विद्युत निगम को 5 हजार करोड़ रुपये निवेश की अनुमति दी है। इसके निर्माण के लिए नेपाल सरकार ने सतलज जलविद्युत निगम को जिम्मेदारी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 669 मेगावाट क्षमता वाले लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना के लिए सतलज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) को 5,792 करोड़ रुपये निवेश की अनुमति दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए नेपाल में रहे एसजेवीएन नेपाल के सीईओ अरुण धीमान ने बताया कि भारत सरकार ने नेपाल के लोअर अरुण के लिए निवेश की अनुमति को स्वीकृत कर दिया है।

669 मेगावाट लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का निर्माण अगले पांच वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोजेक्ट नेपाल के संखुवासभा जिले के मकालु गांवपालिका में बनाया जाएगा। इसकी चार इकाइयां होंगी। प्रत्येक इकाई की क्षमता 167.25 मेगावाट होगी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के पिछले कार्यकाल अर्थात 29 जनवरी 2021 को उनकी अध्यक्षता में आयोजित निवेश बोर्ड की 46वीं बैठक में लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत के सतलुज जलविद्युत निगम को सौंपने का निर्णय लिया गया था। सतलुज को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल (निर्माण, स्वामित्व, संचालन और ट्रांसफर-बूट) के तहत बनाने के लिए चयनित किया गया था।

गौरतलब है कि एसजेवीएन के तरफ से ही 900 मेगावाट का अरुण 3 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट भी बनाया जा रहा है, जिसके निर्माण का लक्ष्य 2024 के अंत तक रखा गया है। कोरोना के कारण तीन सालों तक काम प्रभावित होने के बावजूद तय समय पर काम संपन्न करने का विश्वास सीईओ धीमान ने व्यक्त किया है।